समाधान : आरक्षण व्यवस्था को समझने के लिए हमें इसके मूल कारण को समझने की आवश्यकता है, कि आरक्षण क्या है? वास्तव में आरक्षण किसी वर्ग विशेष को अवसर प्रदान करने का एक माध्यम मात्र है। वर्तमान आरक्षण व्यवस्था हजारों साल से चली आ रही सामाजिक असमानता व अवसर विहिनता को समाप्त कर वंचित व विकास में पिछड़े समुदाय को गुणोत्तर अवसर प्रदान कर उसे प्रतिनिधित्व (भागीदारी/अवसर) प्रदान करने की सरलीकृत व्यवस्था है, जिसे बोलचाल में आरक्षण के नाम से जाना जाता है ।

अवसरवादी व एकाधिकारवाद रखने वाले लोग आरक्षण को गलत व्याख्या करते हुए इसे जन सामान्य में भ्रम पैदा कर दिए हैं। वास्तव में आरक्षण केवल व केवल अवसर विहिन एवं वंचित तथा विकास में पिछड़े समुदाय को उत्तरोतर अवसर प्रदान करने की सरल प्रक्रिया मात्र है ।

पूर्व काल में मुगलों के अत्याचार व अधीनता न स्वीकार कर कूर्मि क्षत्रिय समुदाय द्वारा युद्ध/रक्षा कार्य में जोखिम तथा कम अवसर होने के कारण कृषि कार्य को अपना लिए। कृषि कार्य में लगे होने के कारण शैक्षणिक व सामाजिक विकास से लगातार पिछड़ते गए। स्वतंत्र भारत में संविधान के अनुच्छेद 15.5 एवं 16.4 के अंतर्गत शैक्षणिक व सामाजिक रूप से पिछड़े समुदाय को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए विशेष संरक्षण दिया गया । इसी के क्रम में कूर्मि क्षत्रिय समुदाय को उनके तात्कालिक सामाजिक परिस्थिति के आधार पर पिछड़े वर्ग/समुदाय में शामिल किया गया। अत: उपरोक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि कूर्मि समुदाय के शैक्षणिक व सामाजिक उन्नयन को दृष्टिगत रखते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया ।

पौराणिक उदाहरण:- जो ब्राह्मण, क्षत्रिय या वैश्य वेदों का अध्ययन और पालन छोड़कर अन्य विषयों में ही परिश्रम करता है, वह शूद्र बन जाता है। -मनुस्मृति 2/168

देश के अलग-अलग भौगोलिक हिस्से में कूर्मि समाज को सामाजिक और शैक्षणिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए अन्य पिछड़े वर्ग/ अनुसूचित वर्ग के अंतर्गत लिया गया है, ताकि समुदाय का समुचित शैक्षणिक व सामाजिक विकास हो सके।

वर्तमान उदाहरण:-

1. छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश तथा अन्य राज्यों में कूर्मि समाज को अन्य पिछड़े वर्ग में शामिल किया गया है।
2. पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जन जाति वर्ग के अंतर्गत शामिल किया गया है।
3. झारखण्ड राज्य में कूर्मि समाज को वर्तमान में अन्य पिछड़े वर्ग के अंतर्गत है, जबकि 1931 के पूर्व झारखण्ड के कूर्मि समुदाय अनुसूचित जन जाति वर्ग अंतर्गत शामिल था।

शंका 8-भारत देश में आरक्षण व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई?

समाधान :-समाज में व्याप्त हजारों साल से असमानता एवं छूआछूत व अन्य अप्राकृतिक असमानता को समता मूलक समाज में बदलने तथा सब को समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से भारत के संविधान के अनुच्छेद 330, 332, 334 अंतर्गत प्रतिनिधित्व की व्यवस्था अंतर्गत विशेष संरक्षण दिया गया; जिसे वर्तमान समय में आरक्षण के नाम से जाना जाता है । जैसे कि प्रत्येक माता-पिता अपने प्रत्येक संतान को संपत्ति में बराबर हिस्सा तथा उनके खान-पान, इलाज आदि की संमुचित व्यवस्था करता है ।

शंका 9-क्या कूर्मि समाज में कार्यरत सभी संगठनों को संविलियन किया जाना औचित्यपूर्ण है ?

समाधान : प्रत्येक संगठन का कार्य करने का तरीका, कार्य योजना, क्रियान्वयन एवं उसकी प्राथमिकताएँ पृथक-पृथक होती हैं किन्तु फिर भी कूर्मि समाज का उत्थान ही उसके मूल में है। जब समग्र कूर्मि एकता की बात आती है तब सभी साथ होते हैं। किसी एक संगठन के कार्यक्रमों में दूसरे सभी संगठनों की भी भागीदारी रहती है। प्रत्येक संगठन अपनी विशेषज्ञता के आधार पर कार्यक्रमों का संचालन करते हैं, जिसमें समाज के सदस्यों की सहभागिता होती है।

समाज में व्याप्त रूढ़िवादिता, उदासीनता व अनेक विसंगतियों को दूर करना केवल एक ही संगठन अथवा व्यक्ति द्वारा त्वरित परिणाम के लिए संभव नहीं है ।

क्रमश:

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

पं क्र.- छ.ग. राज्य/37, दिनांक 06.10.2001

पंजीकृत मुख्यालय - डॉ. कौशिक क्लीनिक, अशोक नगर, सीपत रोड, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रांतीय कार्यालय - कूर्मि छात्रावास, सीपत रोड, चांटीडीह चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

फोन : 09826165881, 09425522629, ई-मेल: kurmi.chetna01@gmail.com

कूर्मि डॉ. खूबचंद बघेल
जन्म : 19 जुलाई 1900,
निर्वाण : 22 फरवरी 1969

छत्रपति शाहू जी महाराज
जन्म : 26 जुलाई 1874,
निर्वाण : 6 मई 1922

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच
जियो और जीने दो
पंजीयन क्रमांक 37 छ.ग. राज्य

7

विक्रम संवत् 2075
शक संवत् 1940

जुलाई - 2018

समान प्रसवात्मिका जातिः ।
अर्थात् उत्पत्ति का प्रकार एक जैसा हो, वह एक जाति है।
-न्याय सूत्र

ग्रीष्म / वर्षा ऋतु

इस माह के दौरान प्रमुख कृषि कार्य

❖ नए फलदार वृक्षों को लगाने का कार्य आरंभ करें। ❖ केले के पौधे की रोपाई का कार्य आरंभ करें। ❖ सब्जियों के तैयार पौधों का रोपण करें। ❖ सेवंती के नए सकर्स से कटिंग कर पौध तैयार करें, गेंदा के पौध तैयार करें। ❖ धान की रोपाई कतार में करें, इससे कृषि कार्य में सहायता होती है तथा पौध संख्या पर्याप्त रहती है। ❖ रोपा धान में नींदानाशक अंकुरण पूर्व पाइरेजोसल्फूरॉन / ऑक्जिडायर्जिल / एनीलोफॉस / ब्यूटाक्लोर / पेन्डीमेथेलिन का छिड़काव करें। ❖ खरपतवार नाशी दवा का छिड़काव फ्लैटफैन नोजल द्वारा करें। ❖ सोयाबीन में खरपतवार नियंत्रण हेतु अंकुरण पूर्व एलाक्लोर / पेनडीमेथिलिन / मैट्रीबुजिन का छिड़काव अनुशंसित मात्रा में करें। ❖ पशु पालक, नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दें। ❖ उकठा ग्रसित क्षेत्रों में अरहर के साथ ज्वार की मिलवाँ खेती करने से अरहर में उकठा (विल्ट) रोग कम लगता है। ❖ नर्सरी तैयार होने के उपरांत टमाटर, मिर्च, बैंगन एवं फूलगोभी की रोपाई करें। ❖ अदरक, हल्दी, भिण्डी एवं बरबट्टी की निदाई-गुड़ाई एवं पानी न गिरने पर सिंचाई की समुचित व्यवस्था करें।

मुहूर्त

विवाह मुहूर्त - 5, 10, 11
गृह प्रवेश - 5

मूल
ता. 6 प्रातः 6.55 मि. से ता. 8 प्रातः 7.39 मि. तक
ता. 14 सायं 4.07 मि. से ता. 16 प्रातः 11.13 मि. तक
ता. 23 रात्रि 00.54 मि. से ता. 25 सायं 6.22 मि. तक

पंचक
ता. 2 प्रात : 11.09 मि. से ता. 7 प्रातः 7.41 मि. तक
ता. 29 सायं 5.07 मि. से ता. 3 अग.दोप.2.26 मि. तक

सोम MONDAY	श्रावण कृष्ण 2 **30**	आषाढ़ कृष्ण 4 **2** रघुबर चन्द्राकर जयंती	आषाढ़ कृष्ण11 **9** योगिनी एकादशी	आषाढ़ शुक्ल 4 **16** कर्क संक्रांति	आषाढ़ शुक्ल 11 चन्द्रशेखर आजाद जयंती **23** देवशयनी एकादशी
मंगल TUESDAY	श्रावण कृष्ण 3 **31** मुंशी प्रेमचंद जयंती	आषाढ़ कृष्ण 5 **3**	आषाढ़ कृष्ण 12 **10** प्रदोष व्रत	आषाढ़ शुक्ल 5 **17**	आषाढ़ शुक्ल 12 **24** प्रदोष व्रत
बुध WEDNESDAY	ऐच्छिक अवकाश 14 रथ यात्रा 19 डॉ. खूबचंद बघेल जयंती याददाश्त	आषाढ़ कृष्ण 6 **4**	आषाढ़ कृष्ण 13 **11** विश्व जनसंख्या दिवस	आषाढ़ शुक्ल 6 **18**	आषाढ़ शुक्ल 13 **25**
गुरु THURSDAY		आषाढ़ कृष्ण 7 **5**	आषाढ़ कृष्ण 14 **12** दर्श अमावस्या	आषाढ़ शुक्ल 7 **19** डॉ. खूबचंद बघेल जयंती	आषाढ़ शुक्ल 14 **26** छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती
शुक्र FRIDAY		आषाढ़ कृष्ण 8 **6** श्यामाप्रसाद मुखर्जी जयंती	आषाढ़ कृष्ण 15 **13** अमावस्या, सूर्य ग्रहण	आषाढ़ शुक्ल 8 **20**	आषाढ़ शुक्ल 15 **27** गुरु पूर्णिमा
शनि SATURDAY		आषाढ़ कृष्ण 9 **7**	आषाढ़ शुक्ल 1,2 **14** रथयात्रा	आषाढ़ शुक्ल 9 **21**	श्रावण कृष्ण 1 **28**
रवि SUNDAY	डाक्टर्स एवं सीए दिवस	आषाढ़ कृष्ण 3 **1** संकष्टी चतुर्थी	आषाढ़ कृष्ण 10 **8**	आषाढ़ शुक्ल 3 **15**	आषाढ़ शुक्ल 10 **22**	श्रावण कृष्ण 2 **29**

समस्त स्वजातीय बंधुओं का हार्दिक अभिनंदन...
कूर्मि नरेन्द्र कुमार चन्द्रा
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला-मुंगेली
कूर्मि श्रीमती कल्पना चन्द्रा
संभागीय कार्यकारिणी सदस्य
महिला प्रकोष्ठ
छ.ग.कू.क्ष.चेतना मंच

कूर्मि लोकेश चन्द्रा

कूर्मि मयंक चन्द्रा

कूर्मि तोखन चंद्राकर
समस्त स्वजातीय बंधुओं का हार्दिक अभिनंदन...

कूर्मि रानी चंद्राकर
चंद्राकर प्रोविजन स्टोर
गणेश चौक, नेहरु नगर,
बिलासपुर

कूर्मि भरत कश्यप

श्रीमती ममता कश्यप
पार्षद-वार्ड क्रमांक 05
अयोध्या नगर, न.पा.नि., बिलासपुर
श्री साँई कन्सलटेन्सी
गांधीनगर चौक (अमेरी रोड) नेहरू नगर बिलासपुर (छ.ग.) 495001

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग-2018 के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएँ
विरंची सेल्स
विरंची मंदिर के पास, ब्रम्हपुरी रायपुर (छ. ग.)
Ph.: 0771-4045023 Mo-94252-13407, 99264-73407

प्रो. किशोर चन्द्राकर
डीलर : ड्रीप, स्प्रींकलर, पावर ट्रीलर, रोटोवेटर, सीड ड्रील, पंपसेट एवं अन्य कृषि यंत्र
संबंधित प्रतिष्ठान
चन्द्राकर कृषि सेवा केन्द्र-कोसरंगी
प्रो. राजेश चन्द्राकर, मो. 9993189626
हरियर एग्रो
प्रो. कांती चन्द्राकर, मो. : 9424222141
चन्द्राकर पोल्ट्री फार्म-भड़हा
प्रो. चिन्तामणी चन्द्राकर, मो. 9893074598
संध्या मेडिकल स्टोर्स-कोसरंगी
प्रो. अरूण चन्द्राकर, मो. 9981696306
हमारे प्रेरणास्त्रोत डॉ. केजुराम चन्द्राकर - भड़हा वाले

छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर हार्दिक बधाई

डॉ. बुधेश्वर प्र. सिंगरौल
सहायक प्राध्यापक
केन्द्रीय वि. विद्यालय,बिलासपुर
9827400548

अर्चना सिंगरौल
ब्याख्याता-1
प्रदेश कार्या.स.(म.प्रको.)
छ.ग.कू.क्ष.चे.मंच

अर्चिता-सिंगरौल

अनंत कुमार सिंगरौल

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई

कूर्मि रत्ना कश्यप
कूर्मि आजु राम कश्यप
विजय कुमार कश्यप

MATS UNIVERSITY ready for life.....
मैट्स विश्वविद्यालय
मुक्त एवं दूरवर्ती शिक्षा संस्थान

उपलब्ध पाठ्यक्रम
DCA, PGDCA, BCA, B.A, BSC, B.COM, BBA, MCA, MSC, M.COM, MA- (EDUCATION, HINDI & ENGLISH), MBA, AND MORE OTHER COURSES AVAILABLE .....

कूर्मि सुनील कौशिक
सचिव- सर्व कूर्मि समाज, तखतपुर
मो. : 7000641383
अधिकृत सूचना केन्द्र
डॉ. डडसेना क्लीनिक मंडली चौक, ब्लॉक रोड, तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
कूर्मि संतोष कश्यप
अध्यक्ष-चन्द्रनाहूं कुर्मी समाज, तखतपुर
मो. : 9009882640

आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय एवं डायबिटिज सेंटर

कूर्मि डॉ. एल.सी. मढ़रिया
मो. 9826190123

आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के बगल, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग - 2018

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

जुलाई -2018

समाज द्वारा अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्नों का शंका-समाधान क्रमशः...

त्वरित व शीघ्र परिणाम के लिए सभी दिशा में समेकित लच्छित (integrated Intervention) प्रयास आवश्यक है । अतः सभी संगठन अपनी प्रकृति व कौशल के अनुरूप समाज हित के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य विभाजित करते हुए करें जिससे समाज में कम समय पर चहुमुखी विकास परिलक्षित हो ।

समाज विकास हेतु समाज कार्य को जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाने के लिए स्थानीय संगठन का उपयोग कर बेहतर परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं । इस कार्य से बिना किसी संगठन का स्वरूप परिवर्तन किये न केवल परिणाम मूलक कार्य किये जा सकते हैं बल्कि परस्पर प्रतिस्पर्धा किये बिना आसानी से प्रशिक्षित व दक्ष कार्यकर्ता समाज सेवा के लिए उपलब्ध होंगे ।

शंका 10- अलग-अलग समुदाय को विभिन्न प्रतिशत में आरक्षण की व्यवस्था क्यों है ?

समाधान:- हमारा संविधान प्राकृतिक न्याय व्यवस्था के सिद्वांत पर आधारित है अर्थात् आवश्यकता और परिस्थितियों को ध्यान में रखकर अनुसूचित जाति, जन जाति और अन्य पिछड़े वर्ग को अनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रदान करता है। बराबरी/समानता और न्यायसंगत दोनों अलग-अलग पहलू है। इसे इस चित्र के माध्यम से समझ सकते हैं।



चित्र में वयस्क, किशोर एवं बच्चें को हाथा/दीवार के दूसरे हिस्से से मैच देखते हुए दिखाया गया है। चित्र के प्रथम भाग में सभी को समान संसाधन उपलब्ध कराने से बच्चा मैच देखने से वंचित हो जाएगा। चित्र के दूसरे भाग में आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराने से सभी लोग मैच का आनंद ले सकते हैं। वहीं चित्र के तृतीय हिस्से में बिना बाधा के सभी को समान अवसर दिखाया गया है। आरक्षण व्यवस्था भी इसी प्रकार समतामूलक समाज की स्थापना की भावना को ध्यान में रखकर लागू किया गया है, जिसके गलत व्याख्या से लोगों के मन में दूषित भावना पैदा कर अवसर छिनने का खेल आम जीवन में देखने को मिलता है।

शंका 11 क्या आरक्षण केवल दस साल तक के लिए लागू किया गया था?

समाधान : जो बार-बार कहते हैं कि आरक्षण 10 साल के लिए था, संविधान में 10 साल के आरक्षण की व्यवस्था है। आपको मुफ्त की खाने की आदत है इत्यादि। उसे प्रायः अनारक्षित समुदाय बुद्धिजीवी एवं मीडिया कर्मी फैलाते रहते हैं कि आरक्षण केवल दस वर्षों के लिए है, जब उनसे पूछा जाता है कि आखिर कौन सा आरक्षण दस वर्ष के लिए है तो मुंह से आवाज़ नहीं आती है। इस संदर्भ में केवल इतना जानना चाहिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के लिए राजनैतिक आरक्षण जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 330 और 332 में निहित है, उसकी आयु और उसकी समय-सीमा दस वर्ष निर्धारित की गयी थी। नौकरियों में आरक्षण की कोई समय-सीमा सुनिश्चित नहीं की गयी थी। आरक्षण से जाति नहीं आयी, जाति से आरक्षण आया है। आइए जानें संविधान में आरक्षण/प्रतिनिधित्व की व्याख्या क्या है?

आरक्षण चार प्रकार का है-

1. राजनैतिक प्रतिनिधित्व /आरक्षण (पोलिटिकल रिजर्वेशन)
2. सेवाओं में प्रतिनिधित्व / आरक्षण (सर्विसेज का रिजर्वेशन)
3. शिक्षा में प्रतिनिधित्व / आरक्षण (प्रोफेशनल एज्युकेशन का रिजर्वेशन)
4. पदोन्नति/बढ़ोत्तरी में प्रतिनिधित्व / आरक्षण (रिजर्वेशन इन प्रमोशन)

❖ अनुच्छेद-330 लोकसभा का रिजर्वेशन है।

❖ अनुच्छेद- 332 विधानसभा रिजर्वेशन है।

❖ अनुच्छेद-334 में पोलिटिकल रिजर्वेशन की 10 वर्ष की लिमिटेशन है। सिर्फ पोलिटिकल रिजर्वेशन में ही हर दस साल बाद समीक्षा होनी चाहिए,का प्रावधान रखा गया था।

मूलभूतअधिकार-

❖ धारा- 15(4) ❖ धारा-16(4)

संविधान के मूल अधिकार अर्थात ❖ प्रोफेशनल एज्युकेशन रिजर्वेशन ❖ सर्विसेज का रिजर्वेशन ❖ प्रमोशन इन रिजर्वेशन, यह तीनों संविधान में मूल अधिकार है जिनकी कोई लिमीटेशन नहीं है। संविधान में (आरक्षण) का तात्पर्य सिर्फ प्रतिनिधित्व (Representation)से है ।

शंका 12- क्या आरक्षण केवल भारत देश में ही लागू है?

समाधान :- दुनिया के विभिन्न हिस्सों/ देशों में आरक्षण (Reservation / Affirmative Action) दिया जाता है। आजकल हमारे देश में आरक्षण (ओबीसी, एससी, एसटी) के विरोध में आंधी सी चल रही है। आरक्षण के खिलाफ बेहूदे और बेतुके तर्क किये जाते हैं। सबसे पहला तर्क होता है कि दूसरे देशो में आरक्षण नहीं दिया जाता इसलिये वे देश हमसे ज्यादा प्रगतिशील हैं; जो कि बिल्कुल गलत है। विदेशों में भी आरक्षण की पद्धति है। अमेरिका, चीन, जापान जैसे देशों में भी आरक्षण है और इसे ईमानदारी व सही नियत से दिया जाता है।

बाहरी देशों में आरक्षण को सकारात्मक कार्यवाही (Affirmative Action) कहा जाता है। सकारात्मक कार्यवाही का मतलब समाज के वर्ण तथा नस्लभेद के शिकार लोगों के लिये सामाजिक समता का प्रावधान प्रदान करना है।

1961 को संयुक्त राष्ट्र की बैठक में सभी प्रकार के वर्ण, नस्लभेद व रंगभेद के खिलाफ कड़ा कानून बनाया गया। इसके तहत संयुक्त राष्ट्र में सम्मिलित सभी देशों ने अपने देश के शोषित वर्ग की मदद करके उन्हें समाज की मुख्यधारा में स्थापित करने का निर्णय लिया। इसी फैसले के तहत ही शोषितों और वंचितों को उठाने के लिए अलग-अलग देशों ने अपने-अपने तरीके से आरक्षण लागू किया है।

ऊपर वर्णित देशों जैसे अमेरिका, जापान और भारत इत्यादि के अलावा अन्य देशों ने भी आरक्षण दिया है; जिसका विवरण निम्नलिखित हैं :-

1. **पाकिस्तान**-हमारे पड़ोसी देश में बड़ी मुश्किल से 5 प्रतिशत अनुसूचित जातियाँ हैं, लेकिन उन्हें ईमानदारी से 6 प्रतिशत आरक्षण (प्रतिनिधित्व) दिया जाता है।
2. **दक्षिण अफ्रीका** - यहाँ के टीम में 4 अश्वेत खिलाड़ियों के लिए स्थान आरक्षित होता है ।
3. **अमेरिका** में सकारात्मक कार्यवाही के तहत अश्वेतों को आरक्षण मिला हुआ है। वहां की फिल्मों में भी अश्वेत कलाकारों का आरक्षण निर्धारित है। वहाँ कोई फिल्म या विभाग ऐसा नहीं मिलेगा; जिसमें अश्वेत (काले) न हों। अमेरिका ने तो आज से 155 साल पहले 4 मार्च 1861 को एक पिछड़े तबके के व्यक्ति, (अब्राहम लिंकन) को अपना राष्ट्रपति बना दिया था। अमेरिका के निवृत्तमान राष्ट्रपति बराक ओबामा भी एक अश्वेत मुस्लिम और छोटे तबके समुदाय से हैं। अमेरिका में सभी लोगों की भागीदारी समान होने के कारण अमेरिका, तरक्की की दुनिया में अन्य देशों से काफी आगे है। भारत में तो सम्पूर्ण हिस्सेदारी पर कुछ वर्ग विशेष द्वारा कुंडली मारकर जबरदस्ती बेजा कब्जा जमा कर रखा गया है । इसीलिये वे समाज में भ्रांति फैलाने के लिए आरक्षण (हिस्सेदारी) का आए दिन विरोध करते रहते हैं।
4. **ब्राज़िल** में आरक्षण को Vestibular नाम से जाना जाता है।
5. **कनाडा** में समान रोजगार का तत्व है, जिसके तहत फायदा वहाँ के असामान्य तथा अल्पसंख्यकों को दिया जाता है।
6. **चीन** में महिला और अल्पसंख्यकों के लिये आरक्षण है।
7. **फिनलैंड** में स्वीडिश लोगों के लिये आरक्षण है।
8. **जर्मनी** में जिमनॅशियम सिस्टम है।
9. **इसरायल** में सकारात्मक कार्यवाही के तहत आरक्षण है।
10. **जापान** जैसे सबसे प्रगतिशिल देश में भी बुराकूमिन लोगों के लिये आरक्षण है (बुराकूमिन जापान के हकवंचित पिछड़े तबके के लोग हैं)
11. **मॅसेडोनिया** में अल्बानियन के लिये आरक्षण है।
12. **मलेशिया** में भी उनकी नई आर्थिक योजना के तहत आरक्षण लागू हुआ है।
13. **न्यूजीलैंड** में माओरिस और पॉलिनेशियन लोगों के लिये सकारात्मक कार्यवाही के तहत आरक्षण दिया जाता है।
14. **नॉर्वे** के पीसीएल बोर्ड में 40 प्रतिशत महिला आरक्षण है।
15. **रोमानिया** में शोषण के शिकार रोमन लोगों के लिये आरक्षण है।
16. **दक्षिण आफ्रिका** में रोजगार समता (काले-गोरे लोगों को समान रोजगार) आरक्षण है।
17. **दक्षिण कोरिया** में उत्तरी कोरिया तथा चीनी लोगों के लिये आरक्षण है।
18. **श्रीलंका** में तमिल तथा क्रिश्चियन लोगों के लिये अलग नियम अर्थात आरक्षण है।
19. **स्वीडन** में सामान्य सकारात्मक कार्यवाही के तहत आरक्षण मिलता है।

अगर इतने सारे देशों में आरक्षण दिया जाता है (जिनमें कई विकसित देश भी शामिल हैं) तो फिर भारत का आरक्षण किस प्रकार भारत की प्रगति में बाधक है? भारत में तो लोग सबसे ज्यादा जातिभेद के ही शिकार हैं। भारतीय शुद्रों व अनुसूचित जातियों को तो हजारों सालों से उनके मौलिक अधिकारों से ही वंचित कर गुलाम बनाकर रखा गया; तो फिर भारतीय अवसर से वंचित लोगों को आरक्षण क्यों न मिले?

जब तक भारत के सभी जाति धर्म के लोग शिक्षा, सेना, सभी प्रकार की नौकरी, संसाधन तथा सरकार में समान रूप से प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे, तब तक देश वांछनीय प्रगति नहीं कर पाएगा। अगर विश्व के अन्य देश प्रगति के लिए सभी लोगों को साथ लेकर चल रहे हैं; तो फिर भारत क्यों नहीं?

शंका 13-क्या आरक्षण का आधार गरीबी होना चाहिए है ?

समाधान :-आरक्षण कोई गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम नहीं है, गरीबों की आर्थिक संरचना दूर करने हेतु सरकार अनेक कार्यक्रम चला रही है और अगर चाहे तो सरकार इन निर्धनों के लिए और भी कई कार्यक्रम चला सकती है; परन्तु आरक्षण हजारों साल से सत्ता एवं संसाधनों से वंचित किये गए समाज के स्वप्रतिनिधित्व की प्रक्रिया है। प्रतिनिधित्व प्रदान करने हेतु संविधान की धारा 15(4), 16(4) तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 330, 332 एवं 334 के तहत कुछ जाति विशेष को दिया गया है।

शंका 14-क्या आरक्षण से अयोग्य व्यक्ति आगे आते हैं।

समाधान :- क्या दो-दो अलग-अलग ईकाई की तुलना संभव है? उत्तर नहीं ।

क्या ऐसे दो विपरीत परिवेश वाले छात्रों के मध्य भाषा एवं व्यवहार की तुलना की जा सकती है, आईए समझें यह क्या है:-

योग्यता कुछ और नहीं परीक्षा के प्राप्त अंक के प्रतिशत को कहते हैं।

क्रमशः

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

पं क्र.- छ.ग. राज्य/37, दिनांक 06.10.2001

पंजीकृत मुख्यालय - डॉ. कौशिक क्लीनिक, अशोक नगर, सीपत रोड, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रांतीय कार्यालय - कूर्मि छात्रावास, सीपत रोड, चांटीडीह चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

फोन : 09826165881, 09425522629, ई-मेल: kurmi.chetna01@gmail.com

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना परिषद — जियो और जीने दो — पंजीयन क्रमांक 37 छ.ग. राज्य

8

विक्रम संवत् 2075
शक संवत् 1940

अगस्त - 2018

अंधविश्वास और पाखण्ड को हटाना ही मानव सेवा है।
-स्वामी विवेकानंद

वर्षा ऋतु

इस माह के दौरान प्रमुख कृषि कार्य

❖ मक्का की पत्तियों में झुलसन शुरू होने पर मेन्कोजेब / क्लोरोथेलिनिल /ताम्रयुक्त फफूंदनाशक दवा का छिड़काव 15 दिनों के अंतराल में 2 बार करना चाहिए। ❖ मूंग की फसल को पर्णदाग रोग से बचाने के लिए मेनकोजेब फफूंदनाशी का छिड़काव ३ ग्राम प्रति लीटर पानी के दर से करें। ❖ डहेलिया के कंद से निकले नवीन पौधों को 4-6 इंच की कटिंग कर नए पौधे तैयार करें। ❖ अमरूद, नीबू एवं अन्य वृक्षों में गूटी बाँधे तथा पिछले माह बाँधी गई गूटी को मातृ पौधों से अलग कर प्लास्टिक थैली में रोपण करें। ❖ धान के खेत में लगातार पानी भरकर न रखें। ❖ देर हो जाने के कारण यदि धान की रोपाई इस माह करनी पड़ रही है, तो पौधे की दूरी कम रखें व 3-4 पौधों का उपयोग करें। ❖ खेत में हरी काई का प्रकोप दिखे तो पानी को निकालें तथा खेत में जिस जगह से पानी अंदर जाता है, वहां कॉपर सल्फेट को पोटली में बांधकर रखें। ❖ अरहर में पत्ती मोड़क एवं भृंग इत्यादि कीटों के नियत्रंण हेतु प्रोफेनोफास 50 ई.सी. 1.5 मि.ली. प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। ❖ धान में यूरिया का छिड़काव करने के पूर्व खेत में पानी की मात्रा कम कर देवें। ❖ शिमला मिर्च की नर्सरी तैयार करें। सेमी, बरबटी को खेत में लगावें। ❖ खरीफ प्याज को खेत में रोपाई करें।

मूल एवं पंचक

मूल
ता. 2 दोप.1.13 मि. से ता. 4 शाम 3.00 बजे तक
ता. 11 रात्रि 2.55 मि. से ता. 12 रात्रि 9.27 मि. तक
ता. 19 शाम 7.14 मि. से ता. 22 रात्रि 00.34 मि. तक
ता. 29 सायं 6.49 मि. से ता. 31 रात्रि 8.47 मि. तक

पंचक
ता. 29 जु. शाम 5.07 मि. से ता.3 अ.दोप.2.26 मि.तक
ता. 25 रात्रि 11.16 मि. से ता. 30 रात्रि 8.02 मि. तक

शासकीय अवकाश
15 स्वतंत्रता दिवस
22 ईद-उल-जुहा (बकरीद)

ऐच्छिक अवकाश
9 विश्व आदिवासी दिवस
11 हरेली
15 नागपंचमी
17 पारसी नववर्ष
25 ओणम

सोम MONDAY	श्रावण कृष्ण 9 **6**	श्रावण शुक्ल 2,3 **13**	श्रावण शुक्ल 10 **20** राजीव गांधी जयंती, सद्भावना दिवस	भाद्रपद कृष्ण 1 **27**	
मंगल TUESDAY	श्रावण कृष्ण 10,11 **7** कामिका एकादशी	श्रावण शुक्ल 4 **14**	श्रावण शुक्ल 11 **21**	भाद्रपद कृष्ण 2 **28**	
बुध WEDNESDAY	श्रावण कृष्ण 4 **1**	श्रावण कृष्ण 12 **8** गौण कामिका एकादशी	श्रावण शुक्ल 5 **15** नाग पंचमी, स्वतंत्रता दिवस	श्रावण शुक्ल 11 **22** श्रावण पुत्रदा एकादशी, ईद-उल-जुहा (बकरीद)	भाद्रपद कृष्ण 3 **29** राष्ट्रीय खेल दिवस, मेजर ध्यानचंद जयंती, कजरी तीज
गुरु THURSDAY	श्रावण कृष्ण 5 **2**	श्रावण कृष्ण 13 **9** विश्व आदिवासी दिवस	श्रावण शुक्ल 6 **16** कल्की जयंती	श्रावण शुक्ल 12 **23** प्रदोष व्रत	भाद्रपद कृष्ण 4 **30** संकष्टी चतुर्थी, बहुला चतुर्थी
शुक्र FRIDAY	श्रावण कृष्ण 6 **3** मैथलीशरण जयंती	श्रावण कृष्ण 14 **10**	श्रावण शुक्ल 7 **17** पारसी नववर्ष, सिंह संक्रांति, तुलसी दास जयंती	श्रावण शुक्ल 13 **24** वर लक्ष्मी व्रत	भाद्रपद कृष्ण 5 **31**
शनि SATURDAY	श्रावण कृष्ण 7 **4**	श्रावण कृष्ण 15 **11** हरेली, सूर्य ग्रहण, अमावस्या	श्रावण शुक्ल 8 **18**	श्रावण शुक्ल 14 **25** ओणम	
रवि SUNDAY	श्रावण कृष्ण 8 **5**	श्रावण शुक्ल 1 **12** चन्द्र दर्शन	श्रावण शुक्ल 9 **19**	श्रावण शुक्ल 15 **26** संत मदर टेरेसा जयंती, पूर्णिमा/गायत्री जयंती	

कूर्मि चेतना पंचाङ्ग 2018 के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई

कूर्मि उषा चन्द्रा
प्रदेश सचिव (म.प्रकोष्ठ)
छ.ग.कू.-क्ष.चे.मंच

डॉ. भगवती प्रसाद चन्द्रा
शिशु रोग विशेषज्ञ,
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा, जिला बिलासपुर
प्रदेश उपाध्यक्ष, छ.ग.कू.-क्ष.चेतना मंच

गंगा क्लिनिक
बरतोरी रोड बिल्हा, बिलासपुर
निवास-33 गीतांजली इनक्लेव, गौरव पथ, बिलासपुर (छ.ग.)

With Best Compliments From :
Yogesh Kumbhaj
S/o Tara Chand Kumbhaj

21st century
Computer Shoppe
❖ Computer Sales & Service
❖ Laptop Repair Factory.
❖ Printer Repairs, Cartriage Refilling & LED Monitor Repairs

R.R. Complex First Floor, Seepat Chowk, Sarkanda, Bilaspur C.G.
Mo. : 9993867938,9329815626, cust. sup. 8982962626
Email: 21stcenturycomputershoppe@gmail.com

With Best Compliments From :
G.P. Patel
Kutwal Transport Company
Transport Contractor & Commission Agent

M.P., C.G., Maharashtra, Rajasthan & All India Service
Near Sitadevi Petrol Pump, Raipur Road Parsada,
Bilaspur (C.G.) Ph.- 07752-659433, Mo.- 98271-57933, 99935-41833, 98268-41833, 90989-09955
HO INDORE (M.P.) Mo.- 9406622918



लक्ष्मी डेन्टाकेयर एण्ड इम्पलांट सेंटर
RSBY/MSBY स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क इलाज कराएँ

सुविधाएँ
- संपूर्ण मुख एवं दाँत संबंधित समस्या का इलाज
- पायरिया का पूर्ण उपचार
- रूट कैनाल ट्रिटमेंट
- क्राउन एवं ब्रिज (फिक्स दाँत)
- बत्तीसी बनवाना
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों का तार द्वारा सीधा करना
- कास्मेटिक डेन्टल ट्रिटमेंट (ब्लिचिंग, स्केनिंग, फिलिंग)
- मुंह एवं जबड़े के फ्रेक्चर का इलाज।

Dr. Laxmikant Kashyap
BDS, BVP Mumbai
MDS, Periodontology
MISP, MIDA
Sr. Lect. TIDSHRC
CG DC/16/PG/253

Dr. Neha Kashyap
BDS, CDCRI
MIDA
Govt. Dental Surgeon
CHC, Belha

पता - श्रीराम केयर हास्पिटल के पास, गीतांजली कंस्ट्रक्शन ऑफिस के बाजू में, अमेरी रोड, नेहरु नगर, बिलासपुर
Contact No. : 9907544212, 9406068809

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

कूर्मि सियाराम कौशिक
विधायक, बिल्हा विधानसभा

कूर्मि मनहरण कौशिक
सचिव,
जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, बिलासपुर

कूर्मि श्रीमती ममता मनहरण कौशिक
सदस्य
जिला पंचायत बिलासपुर

कूर्मि जीतेन्द्र कौशिक
युवा नेता, बिल्हा

कूर्मि श्रीमती गीतांजली कौशिक
अध्यक्ष, जनपद पंचायत, बिल्हा

आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय एवं डायबिटिज सेंटर

कूर्मि डॉ. एल.सी. मढ़रिया
मो. 9826190123

आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के बगल, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277

समाज द्वारा अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्नों का शंका-समाधान क्रमशः...

प्राप्तांक के साथ साक्षात्कार होता है, वहां प्राप्तांकों के साथ आपकी भाषा एवं व्यवहार को भी योग्यता का मापदंड मान लिया जाता है अर्थात् आरक्षित जाति या अनुसूचित जाति के छात्र ने किसी परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये और अनारक्षित जाति के किसी छात्र ने 62 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तो आरक्षित जाति का छात्र अयोग्य है और सामान्य जाति का छात्र योग्य है।

आप सभी जानते हैं कि परीक्षा में प्राप्त अंकों का प्रतिशत एवं भाषा ज्ञान एवं व्यवहार के आधार पर योग्यता की अवधारणा नियमित की गयी है, जो कि अत्यंत त्रुटि पूर्ण और अतार्किक है। यह स्थापित सत्य है कि किसी भी परीक्षा में अनेक आधारों पर अंक प्राप्त किये जा सकते हैं। परीक्षा के अंक विभिन्न कारणों से भिन्न हो सकते हैं। जैसे कि किसी छात्र के पास सरकारी स्कूल था और उस के शिक्षक वहां नहीं आते थे और आते भी थे तो सिर्फ एक। सिर्फ एक शिक्षक पूरे विद्यालय के लिए जैसा कि प्राथमिक विद्यालयों का हाल है, उसके घर में कोई पढ़ा लिखा नहीं था, उसके पास किताब नहीं थी, उस छात्र के पास न ही इतने पैसे थे कि वह ट्यूशन लगा सके । स्कूल से आने के बाद गृह कार्य भी करना पड़ता। उसके दोस्तों में भी कोई पढ़ा लिखा नहीं था। अगर वह मास्टर से प्रश्न पूछता तो उत्तर की बजाय उसे डांट मिलती आदि। ऐसी शैक्षणिक परिवेश में अगर उसके परीक्षा के नंबरों की तुलना कान्वेंट में पढ़ने वाले छात्रों से की जायेगी तो क्या यह तार्किक होगा।

वही अनारक्षित समाज के बच्चे के पास शिक्षा की पीढ़ियों की विरासत है। पूरी की पूरी सांस्कृतिक पूँजी, अच्छा स्कूल, अच्छे मास्टर, अच्छी किताबें, पढ़े-लिखे, माँ-बाप, भाई-बहन, रिश्ते-नातेदार, पड़ोसी, दोस्त एवं मुहल्ला। स्कूल जाने के लिए कार या बस, स्कूल के बाद ट्यूशन या माँ-बाप का पढाने में सहयोग। क्या ऐसे दो विपरीत परिवेश वाले छात्रों के मध्य भाषा एवं व्यवहार की तुलना की जा सकती है? यह तो लाज़मी है कि अनारक्षित समुदाय (सवर्ण) समाज के कान्वेंट में पढ़ने वाले बच्चों की परीक्षा में प्राप्तांक एवं भाषा के आधार पर योग्यता का निर्धारण अतार्किक एवं अवैज्ञानिक नहीं तो और क्या है?

अतः उपरोक्त परिस्थितियों का विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि आरक्षण, केवल वंचित को अवसर प्रदान कर मुख्यधारा में लाने का एक सकारात्मक कार्यवाही है । योग्यता, अवसर मिलने पर स्वयं पल्लवित होती है ।

शंका 15- क्या आरक्षण से जातिवाद को बढ़ावा मिलता है ?

समाधान : भारतीय समाज एक श्रेणीबद्ध समाज है, जो छः हज़ार जातियों में बंटा है और यह छः हज़ार जातियाँ हजारों वर्षों से मौजूद है। इस श्रेणीबद्ध सामाजिक व्यवस्था के कारण अनेक समूहों जैसे अनुसूचित जाति, आदिवासी एवं पिछड़े समाज को सत्ता एवं संसाधनों से दूर रखा गया और इस को धार्मिक व्यवस्था घोषित कर स्थायित्व प्रदान किया गया। इस हजारों वर्ष पुरानी श्रेणीबद्ध सामाजिक व्यवस्था को तोड़ने के लिए एवं सभी समाजों को बराबर-बराबर का प्रतिनिधित्व प्रदान करने हेतु संविधान में कुछ जाति विशेष को संरक्षण दिया गया है। इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित करने की चेष्टा की गयी है कि वह अपने हक की लड़ाई एवं अपने समाज की भलाई एवं बनने वाली नीतियों को सुनिश्चित कर सके। अतः यह बात साफ़ हो जाती कि जातियां एवं जातिवाद भारतीय समाज में पहले से ही विद्यमान था। प्रतिनिधित्व (आरक्षण), इस व्यवस्था को तोड़ने के लिए लाया गया न की इसने जाति और जातिवाद को जन्म दिया है।

अतः यह बात फिर से प्रमाणित होती है कि आरक्षण जाति और जातिवाद को जन्म नहीं देता बल्कि जाति और जातिवाद लोगों की मानसिकता में पहले से ही विद्यमान है; जिसे समतामूलक समाज बनाने के उद्देश्य से आरक्षण लागू किया गया है ।

शंका 16- क्या आरक्षण के माध्यम से अनारक्षित/सवर्ण समाज की वर्तमान पीढ़ी को दंड दिया जा रहा है ?

समाधान : आज की अनारक्षित पीढ़ी अक्सर यह प्रश्न पूछती है कि हमारे पुरखों के अन्याय, अत्याचार, क्रूरता, छलकपट आदि की सजा आप वर्तमान पीढ़ी को क्यों दे रहे हैं?

इस संदर्भ में आज की सवर्ण समाज की युवा पीढ़ी अपनी ऐतिहासिक धार्मिक, शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक पूँजी का किसी न किसी के रूप में लाभ उठा रही है। वे अपने पूर्वजों के स्थापित किये गए वर्चस्व एवं ऐश्वर्य का अपनी जाति के उपनाम, अपने कुलीन उच्चवर्णीय सामाजिक तंत्र, अपने सामाजिक मूल्यों, एवं मापदंडों, अपने तीज-त्योहारों, नायकों, एवं नायिकाओं, अपनी परम्पराओं एवं भाषा और पूरी की पूरी ऐतिहासिकता का उपभोग कर रहे हैं।

अतः आरक्षण केवल अवसर से वंचित समुदाय को मुख्यधारा में सहभागिता हेतु लाया गया है, न कि किसी को दण्ड देने के लिए । यह तो केवल देखने के नजरिया मात्र ही है ।

जरा चिन्तन करें.....

मंदिरों में पुजारी रखा जाता है	...	जाति देखकर
कमरा किराये पर दिया जाता है	....	जाति देखकर
मकान बेचा जाता है	...	जाति देखकर
शादी विवाह कराये जाते हैं	...	जातियां देखकर
वोट दिया जाता है	...	जाति देखकर
मृत पशु उठवाये जाते हैं	...	जाति देखकर
गाली दी जाती है	...	जाति देखकर
साथ खाना खाते हैं	...	जाति देखकर
बेगार कराई जाती है	...	जाति देखकर
धिक्कारा जाता है.	...	जाति देखकर
बाल काटे जाते हैं	...	जाति देखकर

शंका 17-ब्राह्मण जाति है अथवा वर्ण है? ब्राह्मण शब्द को लेकर भ्रांतियां को स्पष्ट करें।

ब्राह्मण शब्द को लेकर अनेक भ्रांतियां हैं। इनका समाधान करना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि हिन्दू समाज की सबसे बड़ी कमजोरी जातिवाद है। ब्राह्मण शब्द को सत्य अर्थ को न समझ पाने के कारण जातिवाद को बढ़ावा मिला है। ब्राह्मण वर्ण है जाति नहीं। वर्ण का अर्थ है चयन या चुनना और सामान्यतः शब्द वरण भी यही अर्थ रखताहै। व्यक्ति अपनी रूचि, योग्यता और कर्म के अनुसार इसका स्वयं वरण करता है, इस कारण इसका नाम वर्ण है। वैदिक वर्ण व्यवस्था में कार्य के आधार पर चार वर्ण है। जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र।

उदाहरणः-

पढ़ने-पढ़ाने से, चिंतन-मनन करने से, ब्रह्मचर्य, अनुशासन, सत्यभाषण आदि व्रतों का पालन करने से, परोपकार आदि सत्कर्म करने से, वेद, विज्ञान आदि पढने से, कर्तव्य का पालन करने से, दान करने से और आदर्शों के प्रति समर्पित रहने से मनुष्य का यह शरीर ब्राह्मण हो जाता है।
- मनुस्मृति 2/28

शंका 18- मनुष्यों में कितनी जातियां हैं ?

समाधान- मनुष्यों में केवल एक ही जाति है। वह है 'मनुष्य'। अन्य की जाति नहीं है।

जाति का अर्थ है उद्भव के आधार पर किया गया वर्गीकरण। न्याय सूत्र यही कहता है 'समानप्रसवात्मिकाजातिः' अथवा जिनके जन्म का मूल स्त्रोत सामान हो (उत्पत्ति का प्रकार एक जैसा हो) वह एक जाति बनाते हैं। ऋषियों द्वारा प्राथमिक तौर पर जन्म-जातियों को चार स्थूल विभागों में बांटा गया है।

उद्भिज (धरती में से उगने वाले जैसे पेड़, पौधे, लता आदि),

अंडज (अंडे से निकलने वाले जैसे पक्षी, सर्प आदि),

पिंडज (स्तनधारी- मनुष्य और पशु आदि),

उष्मज/स्वेदज़ (तापमान तथा परिवेशीय स्थितियों की अनुकूलता के योग से उत्पन्न होने वाले - जैसे सूक्ष्म जीवाणु, वायरस, बैक्टेरिया आदि।

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र किसी भी तरह भिन्न जातियां नहीं हो सकती हैं क्योंकि न तो उनमें परस्पर शारीरिक बनावट (इन्द्रियादि) का भेद है और न ही उनके जन्मस्त्रोत में भिन्नता पाई जाती है।

बहुत समय बाद जाति शब्द का प्रयोग किसी भी प्रकार के वर्गीकरण के लिए प्रयुक्त होने लगा। और इसीलिए हम सामान्यतया विभिन्न समुदायों को ही अलग जाति कहने लगे। जबकि यह मात्र व्यवहार में सहूलियत के लिए हो सकता है। सनातन सत्य यह है कि सभी मनुष्य एक ही जाति हैं।

शंका 19 चार वर्णों का विभाजन का आधार क्या है?

समाधान- वर्ण बनाने का मुख्य प्रयोजन कर्म विभाजन है। वर्ण विभाजन का आधार व्यक्ति की योग्यता है। आज भी शिक्षा प्राप्ति के उपरांत व्यक्ति डॉक्टर, इंजीनियर, वकील आदि बनता है। जन्म से कोई भी डॉक्टर, इंजीनियर, वकील नहीं होता। इसे ही वर्ण व्यवस्था कहते हैं।

वर्ण - ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के लिए प्रयुक्त किया गया सही शब्द-वर्ण है, जाति नहीं। सिर्फ यह चारों ही नहीं बल्कि आर्य और दस्यु भी वर्ण कहे गए हैं। वर्ण का मतलब है; जिसे वरण किया जाए (चुना जाए)। अतः जाति ईश्वर प्रदत्त है जबकि वर्ण अपनी रूचि से अपनाया जाता है। इसी कारण वैदिक धर्म (वर्णाश्रम धर्म कहलाता है) वर्ण शब्द का तात्पर्य ही यह है कि वह चयन की पूर्ण स्वतंत्रता व गुणवत्ता पर आधारित है।

जैसेः-

बौद्धिक कार्यों में संलग्न व्यक्तियों ने **ब्राह्मण** वर्ण को अपनाया है।

समाज में रक्षा कार्य व युद्ध शास्त्र में रूचि योग्यता रखने वाले **क्षत्रिय** वर्ण के है ।

व्यापार-वाणिज्य और पशु-पालन आदि का कार्य करने वाले **वैश्य** तथा जिन्होंने इतर सहयोगात्मक कार्यों का चयन किया है वे **शूद्र** वर्ण कहलाते हैं।

ये मात्र आजीविका के लिए अपनाये जाने वाले व्यवसायों को दर्शाते हैं, इनका जाति या जन्म से कोई सम्बन्ध नहीं है।

शंका 20-कोई भी ब्राह्मण जन्म से होता है अथवा गुण, कर्म और स्वभाव से होता है ?

समाधान- वैदिक संस्कृति में प्रत्येक व्यक्ति जन्मतः शूद्र ही माना जाता है। उसके द्वारा प्राप्त शिक्षा के आधार पर ही ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य वर्ण निर्धारित किया जाता है। शिक्षा पूर्ण करके योग्य बनने को दूसरा जन्म माना जाता है। ये तीनों वर्ण द्विज कहलाते हैं क्योंकि इनका दूसरा जन्म (विद्याजन्म) होता है। किसी भी कारणवश अशिक्षित रहे मनुष्य शूद्र ही रहते हुए अन्य वर्णों के सहयोगात्मक कार्यों को अपनाकर समाज का हिस्सा बने रहते हैं।

व्यक्ति की योग्यता का निर्धारण शिक्षा प्राप्ति के पश्चात ही होता है। जन्म के आधार पर नहीं होता है। किसी भी व्यक्ति के गुण, कर्म और स्वाभाव के आधार पर उसके वर्ण का चयन होता हैं। कोई व्यक्ति अनपढ़ हो और अपने आपको ब्राह्मण कहे तो वह गलत है।

उदाहरणः-

जैसे लकड़ी से बना हाथी और चमड़े का बनाया हुआ हीरण सिर्फ नाम के लिए ही हाथी और हीरण कहे जाते हैं। वैसे ही बिना पढ़ा ब्राह्मण मात्र नाम का ही ब्राह्मण होता है।
-मनुस्मृति 2/157

शंका 21- क्या ब्राह्मण पिता की संतान ही ब्राह्मण कहलाता है ?

समाधान- यह भ्रान्ति है कि ब्राह्मण पिता की संतान ही ब्राह्मण कहलाएगा क्योंकि जैसे एक डॉक्टर की संतान तभी डॉक्टर कहलाएगा; जब वह एमबीबीएस उत्तीर्ण कर लेगा। जैसे एक इंजीनियर की संतान तभी इंजीनियर कहलाएगा; जब वह बीई/बीटेक उत्तीर्ण होगा ।

क्रमशः

पंजीकृत मुख्यालय - डॉ. कौशिक क्लीनिक, अशोक नगर, सीपत रोड, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
प्रांतीय कार्यालय - कूर्मि छात्रावास, सीपत रोड, चांटीडीह चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
फोन : 09826165881, 09425522629, ई-मेलः kurmi.chetna01@gmail.com

हीरालाल काव्योपाध्याय
स्मरण दिवस 11 सितम्बर 1884

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना परिषद
जियो और जीने दो
पंजीयन क्रमांक 37 छ.ग. राज्य

9

विक्रम संवत् 2075
शक संवत् 1940

सितम्बर - 2018

बोलने में मर्यादा मत छोड़ना,
गालियाँ देना तो कायरों का काम है।
-सरदार पटेल

वर्षा / शरद ऋतु

इस माह के दौरान प्रमुख कृषि कार्य

❖ अदरक एवं हल्दी में मिट्टी चढ़ाएं। ❖ बेलदार एवं लता वाली सब्जियों में तुरंत सहारा देने का कार्य करें एवं मिट्टी चढ़ाएं। ❖ सेवंती, डहेलिया के तैयार पौधों को खेत में लगाएं। ❖ तना छेदक के लिए फेरोमोन ट्रेप उपयोग करें या लाइट ट्रेप द्वारा भी वयस्कों की संख्या को कम किया जा सकता है। ❖ भूरा माहो के नियमित प्रकोप वाले स्थानों पर फोरेट का इस्तेमाल न करें। कीट प्रकोप की तीव्रता होने पर इमिडाक्लोप्रिड 125 मि.ली./हेक्टेयर दवा का उपयोग करें। ❖ धान की फसल में झुलसा रोग के लक्षण नाव आकार के धब्बे के रूप में दिखते ही ट्राइसाइक्लोजोल (0.6 ग्रा /ली. पानी)/ आइसोप्रोथियोलेन (1 मि.ली./ली. पानी)/ टेबुकोनाजोल (1.5 मि.ली./ली पानी)में से किसी एक फफूंदनाशक दवा का छिड़काव करना चाहिए। छिड़काव दोपहर तीन बजे के बाद करें तो रोग का प्रभावी नियंत्रण होगा। ❖ जीवाणु जनित झुलसा- (बहरीपान) रोग के लक्षण दिखने पर यदि पानी उपलब्ध हो, तो खेत से पानी निकालकर 3-4 दिन तक खुला रखें तथा 25 किलो पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से भुरकाव करें।

मूल एवं पंचक

मूल

ता. 7 दोप. 12.57 मि. से ता. 9 प्रातः 8.02 मि. तक
ता. 16 रात्रि 2.50 मि. से ता. 18 प्रातः 7.35 मि. तक
ता. 26 रात्रि 1.02 मि. से ता. 28 रात्रि 2.24 मि. तक

पंचक

ता. 22 प्रातः 6.12 मि. से ता. 27 रात्रि 1.56 मि. तक

शासकीय अवकाश

3 कृष्ण जन्माष्टमी
21 मोहर्रम

ऐच्छिक अवकाश

1 कमरछठ (हलषष्ठी)
9 पोला
13 गणेश चतुर्थी
16 नवाखाई
17 विश्वकर्मा जयंती
20 ढोल ग्यारस
23 अनंत चतुर्दशी

याददाश्त

	भाद्रपद कृष्ण 8	भाद्रपद शुक्ल 1	भाद्रपद शुक्ल 8	भाद्रपद शुक्ल 14
सोम MONDAY	**3** कृष्ण जन्माष्टमी (आठे कन्हैया)	**10** चन्द्र दर्शन	महालक्ष्मी व्रत आरम्भ **17** राधा अष्टमी विश्वकर्मा पूजा	**24** पूर्णिमा श्राद्ध
मंगल TUESDAY	भाद्रपद कृष्ण 9 **4**	भाद्रपद शुक्ल 2 **11** विनोबा भावे जयंती हीरालाल काव्योपाध्याय स्मरण दिवस (छ.ग. के प्रथम व्याकरणाचार्य)	भाद्रपद शुक्ल 9 **18**	भाद्रपद शुक्ल 15 **25** पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती भाद्रपद पूर्णिमा पितृपक्ष प्रारम्भ
बुध WEDNESDAY	भाद्रपद कृष्ण 10 **5** डॉ राधाकृष्णन जयंती शिक्षक दिवस	भाद्रपद शुक्ल 3 **12** वराह जयंती हरतालिका (तीजा)	भाद्रपद शुक्ल 10 **19**	आश्विन कृष्ण 1 **26**
गुरु THURSDAY	भाद्रपद कृष्ण 11 **6** जया एकादशी	भाद्रपद शुक्ल 4 **13** गणेश चतुर्थी	भाद्रपद शुक्ल 11 **20** ढोल ग्यारस परिवर्तिनी एकादशी	आश्विन कृष्ण 2 **27** विश्व पर्यटन दिवस
शुक्र FRIDAY	भाद्रपद कृष्ण 12 **7** प्रदोष व्रत	भाद्रपद शुक्ल 5 **14** हिन्दी दिवस ऋषि पंचमी	भाद्रपद शुक्ल 12 **21** वामन जयंती मोहर्रम	आश्विन कृष्ण 3 **28** शहीद भगतसिंह जयंती संकष्टी चतुर्थी
शनि SATURDAY	भाद्रपद कृष्ण 6 **1** बलराम जयंती कमरछठ हलषष्ठी व्रत	भाद्रपद कृष्ण 13,14 **8** विश्व साक्षरता दिवस	भाद्रपद शुक्ल 6 **15** डॉ विश्वेस्वरैया जयंती अभियंता दिवस	भाद्रपद शुक्ल 13 **22** प्रदोष व्रत	आश्विन कृष्ण 4 **29** विश्व हृदय दिवस
रवि SUNDAY	भाद्रपद कृष्ण 7 **2** भानु सप्तमी	भाद्रपद कृष्ण 15 **9** अमावस्या पोला	भाद्रपद शुक्ल 7 **16** नवाखाई ललिता सप्तमी, दुर्वा अष्टमी	भाद्रपद शुक्ल 14 **23** कर्नाटिया फिरका का विशेष त्यौहार अनन्त चतुर्दशी गणेश विसर्जन	आश्विन कृष्ण 5 **30**

छ.ग. के व्याकरणाचार्य के स्मरण दिवस पर शुभकामनाएँ...

Kurmi Shri Kumar Singh | Smt. Jyoti Singh | Amit Kumar Singh | Shubham Singh | Tarun Singh

SHRIKUMAR SINGH
Contractor "A4 Class"
Irrigation and Transporter
A-10, Vaishali Nagar, Bilaspur (C.G.)
Phone : 07751-257297, Mo.: 94255-36578

कमरछठ, जन्माष्टमी, तीजा एवं गणेश चतुर्थी पर्व की शुभकामनाएँ
कूर्मि अशोक कौशिक
सदस्य जिला पंचायत बिलासपुर क्रमांक 07 (बरतोरी) बिल्हा
वरिष्ठ महामंत्री जिला कूर्मि युवा संगठन, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. : 9754676947
कूर्मि यशवंत कौशिक
कूर्मि युवा संगठन
कूर्मि एल.एन.कौशिक
जिलाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ)
छ.ग.कू.क्ष.चे.मं. बिलासपुर

कमरछठ, जन्माष्टमी, तीजा एवं गणेश चतुर्थी पर्व की शुभकामनाएँ
SHRI SAI
CONSULTANCY SERVICES
FINANCE & CONSTRUCTION
Office :
Bazar Chowk,
Beside of Police Chouki,
Yadunandan Nagar, Tifra,
Bilaspur (C.G.)
Resi. :
Dev Palace,
Opp. Satnam Mangal Bhawan,
Yadunandan Nagar, Tifra, Bilaspur
कूर्मि रविन्द्र पाटनवार
बिल्डिंग कांट्रेक्टर
Mob. : 9753311111

कमरछठ, जन्माष्टमी, तीजा एवं गणेश चतुर्थी पर्व की शुभकामनाएँ
श्रीमती प्रभा वर्मा
प्रदेश कार्य.सद.(म.प्रको.)
छ.ग.कू.-क्ष.चे. मंच
शिवा वर्मा
वेदांत वर्मा
कूर्मि लक्ष्मी प्रसाद वर्मा
संभागीय सेनानी, नगर सेना, फायर एवं एस.डी.आर.एफ., रायपुर (छ.ग.)
मो. : 9425260168

कूर्मि चन्द्रशेखर चकोर
अभिनेता
लोक खेल उन्नायक, फिल्मकार
लोक नाट्य चंदैनी के संरक्षक एवं संवर्धक
संपादक एवं प्रकाशक-बरछाबारी, छत्तीसगढ़ भाषा की चौमासा पत्रिका
पता : ग्राम करन्दुल पो. सुन्दरनगर, रायपुर (छ.ग.) मो. 9826992518

कूर्मि चेतना पंञ्चाङ्ग के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई
कृष्ण कुमार चन्द्राकर
जिला प्रबंधक, नागरिक खाद्य आपूर्ति निगम
राजकुमारी चन्द्राकर
एम ए
कार्य.सद., चेतना मंच (महि. प्र.)
गुलशन चन्द्राकर
एम बी ए
निशी चन्द्राकर
बी एस सी,एम बी ए
गुंजन चन्द्राकर
एम एस सी फारेस्ट्री

आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय एवं डायबिटिज सेंटर
कूर्मि डॉ. एल.सी. मढ़रिया
मो. 9826190123
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के बगल, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग - 2018

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

सितम्बर -2018

समाज द्वारा अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्नों का शंका-समाधान क्रमशः...

वैसे ही ब्राह्मण एक अर्जित किए जाने वाली **पुरानी उपाधि** है।

यदि ब्राह्मण का पुत्र विद्या प्राप्ति में असफल रह जाए तो शूद्र बन जाता है। इसी तरह शूद्र या दस्यु का पुत्र भी विद्या प्राप्ति के उपरांत ब्राह्मण, क्षत्रिय या वैश्य वर्ण को प्राप्त कर सकता है। यह सम्पूर्ण व्यवस्था विशुद्ध रूप से गुणवत्ता पर आधारित है। जिस प्रकार शिक्षा पूरी करने के बाद आज उपाधियाँ दी जाती हैं उसी प्रकार वैदिक व्यवस्था में यज्ञोपवीत दिया जाता था। प्रत्येक वर्ण के लिए निर्धारित कर्तव्य कर्म का पालन व निर्वहन न करने पर यज्ञोपवीत वापस लेने का भी प्रावधान था।

मनु का उपदेश देखें-

(क) ब्राह्मण शूद्र बन सकता और शूद्र ब्राह्मण हो सकता है। इसी प्रकार क्षत्रिय और वैश्य भी अपने वर्ण बदल सकते हैं। -मनुस्मृति 10/64

(ख) जो मनुष्य नित्य प्रातः और सांय ईश्वर आराधना नहीं करता उसको शूद्र समझना चाहिए। -मनुस्मृति 2/103

(ग) जब तक व्यक्ति वेदों की शिक्षाओं में दीक्षित नहीं होता वह शूद्र के ही समान है। -मनुस्मृति 2/172

(घ) ब्राह्मण- वर्णस्थ व्यक्ति श्रेष्ठ -अतिश्रेष्ठ व्यक्तियों का संग करते हुए और नीच- नीचतर व्यक्तिओं का संग छोड़कर अधिक श्रेष्ठ बनता जाता है। इसके विपरीत आचरण से पतित होकर वह शूद्र बन जाता है। -मनुस्मृति 4/245

शंका 22- प्राचीनकाल में ब्राह्मण बनने के लिए क्या करना पड़ता था?

समाधान- प्राचीनकाल में ब्राह्मण बनने के लिए शिक्षित और गुणवान उच्च चारित्रिक गुण वाला होना आवश्यक था। जैसे बाल्मिकि उच्च चारित्रिक गुण के कारण बाह्मणत्व को प्राप्त किए।

आइए, इसे हम चिंतन करते हैं :-

वैदिक वर्ण व्यवस्था में चार वर्ण है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। प्राचीन काल में तात्कालिक परिस्थियों को ध्यान में रखकर सामाजिक व्यवस्था के लिए कर्म/कार्य/वर्ण आधारित व्यवस्था बनाया गया था।

वर्ण बनाने का मुख्य प्रयोजन कर्म विभाजन है। वर्ण विभाजन का आधार व्यक्ति की योग्यता है। आज भी शिक्षा प्राप्ति के उपरांत व्यक्ति डॉक्टर, इंजीनियर, वकील आदि बनता है। जन्म से कोई भी डॉक्टर, इंजीनियर, वकील नहीं होता। इसे ही वर्ण व्यवस्था कहते हैं।

वर्ण का अर्थ है चयन या चुनना और सामान्यतः शब्द वरण भी यही अर्थ रखता है। व्यक्ति अपनी रूचि, योग्यता और कर्म के अनुसार इसका स्वयं वरण करता है, इस कारण इसका नाम वर्ण है। वैदिक वर्ण व्यवस्था में चार वर्ण है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र।

वेदों में अति परिश्रमी कठिन कार्य करने वाले को शूद्र कहा है (तपसे शूद्रम' यजु.30.5), और इसीलिए पुरुष सूक्त शूद्र को सम्पूर्ण मानव समाज का आधार स्तंभ कहता है। चार वर्णों से अभिप्राय यही है कि मनुष्य द्वारा चार प्रकार के कर्मों को रूचि पूर्वक अपनाया जाना। वेदों के अनुसार, एक ही व्यक्ति विभिन्न परिस्थितियों में चारों वर्णों के गुणों को प्रदर्शित करता है। अतः प्रत्येक व्यक्ति चारों वर्णों से युक्त है। तथापि हमने अपनी सुविधा के लिए मनुष्य के प्रधान व्यवसाय को वर्ण शब्द से सूचित किया है।

शंका 23- ब्राह्मण को श्रेष्ठ क्यों मानें?

समाधान- ब्राह्मण एक गुणवाचक वर्ण है। समाज का सबसे ज्ञानी, बुद्धिमान, शिक्षित, समाज का मार्गदर्शन करने वाला, त्यागी, तपस्वी व्यक्ति ही ब्राह्मण कहलाने का अधिकारी बनता है। इसीलिए, ब्राह्मण वर्ण श्रेष्ठ है। आजकल कुछ लोग केवल इसलिए अपने आपको ब्राह्मण कहकर जाति का अभिमान दिखाते हैं क्योंकि उनके पूर्वज ब्राह्मण थे। यह सरासर गलत है। योग्यता अर्जित किये बिना कोई ब्राह्मण नहीं बन सकता। हमारे प्राचीन ब्राह्मण अपने तप से अपनी विद्या से अपने ज्ञान से सम्पूर्ण संसार का मार्ग दर्शन करते थे। इसीलिए हमारा आर्यव्रत देश विश्वगुरु था। ब्रह्म चर इति ब्राह्मणः।

शंका 24. क्या शूद्र ब्राह्मण और ब्राह्मण शूद्र बन सकता है?

समाधान-ब्राह्मण, शूद्र आदि वर्ण क्योंकि गुण, कर्म और स्वाभाव के आधार पर विभाजित है। इसलिए इनमें परिवर्तन संभव है। कोई भी व्यक्ति जन्म से ब्राह्मण नहीं होता। अपितु शिक्षा प्राप्ति के पश्चात उसके वर्ण का निर्धारण होता है।

वैदिक इतिहास में वर्ण परिवर्तन के अनेक प्रमाण उपस्थित हैं।

जैसे -

(1) ऐतरेय ऋषि दास अपराधी के पुत्र थे; परन्तु उच्चकोटि के ब्राह्मण बने और उन्होंने ऐतरेय ब्राह्मण और ऐतरेय उपनिषद की रचना की। ऋग्वेद को समझने के लिए ऐतरेय ब्राह्मण अतिशय आवश्यक माना जाता है।

(2) ऐलूष ऋषि दासी पुत्र थे। जुआरी और हीन चरित्र भी थे। परन्तु बाद में उन्होंने अध्ययन किया और ऋग्वेद पर अनुसन्धान करके अनेक अविष्कार किये। ऋषियों ने उन्हें आमंत्रित करके आचार्य पद पर आसीन किया। (ऐतरेय ब्राह्मण 2.19)

(3) सत्यकाम जाबाल गणिका (वेश्या) के पुत्र थे; परन्तु वे ब्राह्मणत्व को प्राप्त हुए।

(4) राजा दक्ष के पुत्र पृषध शूद्र हो गए थे। प्रायश्चित स्वरुप तपस्या कर के उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। (विष्णु पुराण 4.1.14)

(5) राजा नेदिष्ट के पुत्र नाभाग वैश्य हुए। पुनः इनके कई पुत्रों ने क्षत्रिय वर्ण अपनाया। (विष्णु पुराण 4.1.13)

(6) धृष्ट नाभाग के पुत्र थे जो ब्राह्मण हुए और उनके पुत्र ने क्षत्रिय वर्ण अपनाया। आगे उन्हीं के वंश में पुनः कुछ ब्राह्मण हुए। (विष्णु पुराण 4.2.2)

(7) विष्णु पुराण और भागवत के अनुसार रथोतर क्षत्रिय से ब्राह्मण बने और हारित क्षत्रिय पुत्र से ब्राह्मण हुए तथा राजपुत्र अग्निवेश्य ब्राह्मण हुए। (विष्णु पुराण 4.3.5)

(8) क्षत्रिय कुल में जन्मे शौनक ने ब्राह्मणत्व प्राप्त किया। (विष्णु पुराण 4.8.1) वायु, विष्णु और हरिवंश पुराण कहते हैं कि शौनक ऋषि के पुत्र कर्मभेद से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रवर्ण के हुए। इसी प्रकार गृत्समद, गृत्समति और वीतहव्य भी क्रमशः ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य बनने के उदाहरण हैं।

(9) मातंग चांडाल पुत्र से ब्राह्मण बने।

(10) ऋषि पुलस्त्य का पौत्र रावण अपने कर्मों से राक्षस बना।

(11) राजा रघु का पुत्र प्रवृद्ध राक्षस हुआ।

(12) त्रिशंकु राजा होते हुए भी कर्मों से चांडाल बन गए थे।

(13) विश्वामित्र के पुत्रों ने शूद्र वर्ण अपनाया। विश्वामित्र स्वयं क्षत्रिय थे; परन्तु बाद उन्होंने ब्राह्मणत्व को प्राप्त किया।

(14) विदुर दासी पुत्र थे। तथापि वे ब्राह्मण हुए और उन्होंने हस्तिनापुर साम्राज्य का मंत्री पद सुशोभित किया।

उदाहरणः-

(क) माता-पिता से उत्पन्न संतति का माता के गर्भ से प्राप्त जन्म साधारण जन्म है। वास्तविक जन्म तो शिक्षा पूर्ण कर लेने के उपरांत ही होता है। -मनुस्मृति 2/147

(ख) ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य, ये तीन वर्ण विद्याध्ययन से दूसरा जन्म प्राप्त करते हैं। विद्याध्ययन न कर पाने वाला शूद्र चौथा वर्ण है। -मनुस्मृति 10/4

शंका 25. क्या आज जो अपने आपको ब्राह्मण कहते हैं वही हमारी प्राचीन विद्या और ज्ञान की रक्षा करने वाले प्रहरी थे?

समाधान-आजकल जो व्यक्ति ब्राह्मण कुल में उत्पन्न होकर अगर प्राचीन ब्राह्मणों के समान वैदिक धर्म की रक्षा के लिए पुरुषार्थ कर रहा है तब तो वह निश्चित रूप से ब्राह्मण के समान सम्मान का पात्र है। अगर कोई व्यक्ति ब्राह्मण कुल में उत्पन्न होकर ब्राह्मण धर्म के विपरीत कर्म कर रहा है। तब वह किसी भी प्रकार से ब्राह्मण कहलाने के लायक नहीं है। एक उदहारण लीजिये। एक व्यक्ति यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर है, शाकाहारी है, चरित्रवान है और धर्म के लिए पुरुषार्थ करता है। उसका वर्ण ब्राह्मण कहलायेगा चाहे वह शूद्र पिता की संतान हो। उसके विपरीत एक व्यक्ति अनपढ़ है, चरित्रहीन है और किसी भी प्रकार से समाज हित का कोई कार्य नहीं करता, चाहे उसके पिता कितने भी प्रतिष्ठित ब्राह्मण हो, किसी भी प्रकार से ब्राह्मण कहलाने लायक नहीं है। ब्रह्मण वैदिक व्रतों से जुड़े हुए कर्म अर्थात धर्म का पालन करना अनिवार्य है। प्राचीनकाल में धर्म रूपी आचरण एवं पुरुषार्थ के कारण ब्राह्मणों का मान था।

इसके माध्यम से वैदिक विचारधारा में ब्राह्मण शब्द को लेकर सभी भ्रांतियों के निराकरण का प्रयास किया है। ब्राह्मण शब्द की वेदों में बहुत महत्ता है। मगर इसकी महत्ता का मुख्य कारण जन्मना ब्राह्मण होना नहीं, अपितु कर्मणा ब्राह्मण होना है। मध्यकाल में हमारी वैदिक वर्ण व्यवस्था बदल कर जाति व्यवस्था में परिवर्तित हो गई। विडंबना यह है कि इस बिगाड़ को हम आज भी ढो रहे हैं। जातिवाद से हिन्दू समाज की एकता समाप्त हो गई। भाई-भाई में द्वेष हो गया। इसी कारण से हम कमजोर हुए तो विदेशी विधर्मियों के गुलाम बने।

शंका 26:- क्या भारत में आरक्षण संविधान लागू होने के बाद से है?

समाधान :- नहीं। भारत में संविधान लागू होने के पूर्व से ही विभिन्न रूपों में आरक्षण लागू है, जिसकी व्याख्या मात्र अलग है। आइए जानते है कि भारत में हजारों सालों से आरक्षण की स्थिति क्या स्थिति है :-

संविधान लागू होने के पूर्व देश में लागू आरक्षण की स्थितिः-

(अ) पुराणों में दिए गए आरक्षण :-

1. यज्ञ करना कराना, दान लेना,पूजा व ज्ञानार्जन शिक्षा में **100 प्रतिशत** आरक्षण **ब्राह्मणों** को पूर्व से ही मिल रहा है।
   - पढ़ना, पढ़ाना, यज्ञ करना-कराना, दान लेना यह सब ब्राह्मण को करने के कर्म हैं.
   मनुस्मृति(अध्यायः1: श्लोकः 87)
2. सम्पत्ति रखने, शिक्षा व राज पाठ में **100 प्रतिशत** आरक्षण **क्षत्रियों** को पूर्व से ही मिल रहा है।
   - प्रजा रक्षण, दान देना, यज्ञ करना, पढ़ना यह सब क्षत्रिय को करने के कर्म हैं.
   मनुस्मृति (अध्यायः1: श्लोकः 89)
3. व्यापार करना, दान देना, **100 प्रतिशत** आरक्षण **वैश्य** को पूर्व से ही मिल रहा है।
   -व्यापार करना, दान देना, यज्ञ करना, पढ़ना सुद(ब्याज) लेना यह वैश्य को करने का कर्म हैं.
   (अध्यायः1: श्लोकः 90)
4. तीनों वर्णो की सेवा, में **100 प्रतिशत** आरक्षण **शुद्रों** का था।
   - द्वेष भावना रहित,आंनदित होकर उपर्युक्त तीनो-वर्गो का निःस्वार्थ सेवा करना, यह शूद्र का कर्म हैं. (अध्यायः1: श्लोकः 91)

(ब) विभिन्न स्वरूपों में समाज में व्याप्त अप्रत्यक्ष आरक्षण :-

1. **नामकरण में आरक्षण :-**
   - प्रत्येक वर्ण की व्यक्तिओं के नाम कैसे हो, यह पूर्व से ही आरक्षित था?:-
   - ब्राह्मण का नाम मंगल सूचक - जैसे शर्मा या शंकर, दीक्षित, चौबे इत्यादि
   - क्षत्रिय का नाम शक्ति सूचक - जैसे सिंह, ठाकुर, प्रताप सिंह इत्यादि
   - वैश्य का नाम धन वाचक पुष्टि युक्त - जैसे शाह या चंद इत्यादि
   - शूद्र का नाम निंदित या दास शब्द युक्त-जैसे मणि दास, देवी दास इत्यादि
   (अध्यायः 2: श्लोकः 31-32)

क्रमशः

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

पं क्र.- छ.ग. राज्य/37, दिनांक 06.10.2001

पंजीकृत मुख्यालय - डॉ. कौशिक क्लीनिक, अशोक नगर, सीपत रोड, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
प्रांतीय कार्यालय - कूर्मि छात्रावास, सीपत रोड, चांटीडीह चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
फोन : 09826165881, 09425522629, ई-मेलः kurmi.chetna01@gmail.com

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच — जियो और जीने दो — पंजीयन क्रमांक 37 छ.ग. राज्य

10 | विक्रम संवत् 2075 | शक संवत् 1940

अक्टूबर - 2018

हम गद्दी छोड़ सकते हैं, मगर सामाजिक प्रतिबद्धता के कार्यों से पीछे नहीं हट सकते।
-छत्रपति शाहूजी महाराज

शरद ऋतु

इस माह के दौरान प्रमुख कृषि कार्य

❖ आम एवं लीची के बागों में बोर्डो पेस्ट लगावें । ❖ सभी प्रकार की शीतकालीन पुष्पों की बुवाई सुनिश्चित करें। ❖ गुलाब की कटाई-छाटाई कर बोर्डो पेस्ट लगावें। ❖ तिवड़ा की उन्नत प्रजातियाँ जैसे-प्रतीक, रतन, महातिवड़ा का उपयोग करें। ❖ गन्ने की शीतकालीन फसल की बुवाई करें। ❖ भूरा माहों के अधिक प्रकोप की अवस्था में इमीडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. का 125 मि.ली./हे. की दर से छिड़काव करें अथवा कार्बारिल 50 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण का छिड़काव करें। पौधे के निचले हिस्से में केन्द्रित करें। ❖पर्णच्छद गभोट की अवस्था में विगलन (शीथरॉट) तथा लाई फूटने (फाल्स स्मट) की समस्या के नियंत्रण हेतु प्रोपिकोनाजोल का (1 मि.ली./ली.) छिड़काव करें। ❖दलहनी फसलों विशेषकर चना में लगने वाले भूमिजनित रोग जैसे कालर रॉट, उकठा (विल्ट) आदि रोगों से बचाव के लिये भूमि का उपचार करें। इस हेतु जैविक फफूंद नाशक ट्राइकोडर्मा संरूप 1 किलो पाऊडर को 100 किलो सड़ी हुई गोबर की खाद में अच्छी तरह मिलाकर 15-20 दिनों तक छायादार स्थान में ढेरी बनाकर उसे गीले बोरे से ढक कर रखते हैं । ❖ इस माह के दूसरे या तीसरे सप्ताह में चने की बुवाई करने से उकठा (विल्ट) रोग कम लगता है। ❖ मटर की अगेती किस्मों तथा समय पूर्व बोई गई फसल पर भभूतिया रोग कम लगता है। ❖रबी हेतु हरे चारे (बरसीन, लूसर्न) की बुआई करें।

मूल एवं पचक

मूल

ता. 4 रात्रि 8.50 मि. से ता. 6 सायं 5.11 मि. तक

ता. 13 प्रातः 11.36 मि. से ता. 15 सायं 3.35 मि. तक

ता. 23 प्रातः 8.48 मि. से ता. 25 प्रातः 9.27 मि.तक

पंचक

ता. 19 दो. 2.03 मि. से ता. 24 प्रातः 9.24 मि. तक

सोम MONDAY	आश्विन कृष्ण 7 **1** विश्व वन्य प्राणी सप्ताह प्रारम्भ वृद्ध एवं रक्तदान दिवस	आश्विन कृष्ण 14 **8** सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या प्राणनाथ जयंती	आश्विन शुक्ल 6 **15** डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम जयंती	आश्विन शुक्ल 13 **22** प्रदोष व्रत	कार्तिक कृष्ण 5 **29**
मंगल TUESDAY	आश्विन कृष्ण 8 **2** गांधी जयंती शास्त्री जयंती महालक्ष्मी व्रत	आश्विन कृष्ण 15 **9** अमावस्या	आश्विन शुक्ल 7 **16** सप्तमी विश्व खाद्य दिवस	आश्विन शुक्ल 14 **23** शरद पूर्णिमा	कार्तिक कृष्ण 6 **30**
बुध WEDNESDAY	आश्विन कृष्ण 9 **3**	आश्विन शुक्ल 1 **10** नवरात्रि प्रारंभ अग्रसेन जयंती कलश स्थापना	आश्विन शुक्ल 8 **17** दुर्गा अष्टमी	आश्विन शुक्ल 15 **24** शरद पूर्णिमा महर्षि वाल्मीकि जयंती	कार्तिक कृष्ण 7 **31** सरदार पटेल जयंती अहोई अष्टमी राधा कुंड स्नान
गुरु THURSDAY	आश्विन कृष्ण 10 **4**	आश्विन शुक्ल 2,3 **11**	आश्विन शुक्ल 9 **18** महानवमी	कार्तिक कृष्ण 1 **25** रामचंद्र देशमुख जयंती	
शुक्र FRIDAY	आश्विन कृष्ण 11 **5** इंदिरा एकादशी	आश्विन शुक्ल 4 **12**	आश्विन शुक्ल 10 **19** दशहरा दुर्गा विसर्जन	कार्तिक कृष्ण 2 **26**	
शनि SATURDAY	आश्विन कृष्ण 12 **6** स्वामी आत्मानंद जयंती प्रदोष व्रत	आश्विन शुक्ल 5 **13** पंचमी	आश्विन शुक्ल 11 **20** पाप कुशा एकादशी	कार्तिक कृष्ण 3 **27** करवा चौथ	
रवि SUNDAY	आश्विन कृष्ण 13 **7**	आश्विन शुक्ल 5 **14** सरस्वती आह्वान	आश्विन शुक्ल 12 **21**	कार्तिक कृष्ण 4 **28**	

शासकीय अवकाश

2 गांधी जयंती

19 दशहरा

ऐच्छिक अवकाश

8 पितृ मोक्ष अमावस्या

10 अग्रसेन जयंती

17 महाअष्टमी (दशहरा)

18 महानवमी

24 महर्षि वाल्मिकी जयंती कुवाँर पूर्णिमा

27 करवा चौथ व्रत

याददाश्त

कूर्मि चेतना पंज्चाङ्ग के प्रकाशन पर स्वजातीय बन्धुओं को हार्दिक बधाईयाँ एवं शुभकामनाएँ

कूर्मि नन्दलाल चन्द्राकर
प्रदेश उपाध्यक्ष
छ.ग.प्रदेश कूर्मि-क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़
जिलाध्यक्ष
छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि-क्षत्रिय समाज
जिला-कबीरधाम
मो. : 95758542200, 9575842200

समस्त स्वजातिय बन्धुओं को विजयदशमी की हार्दिक बधाईयाँ एवं शुभकामनाएँ

कूर्मि दौलत राम कश्यप
लोकपाल
मनरेगा, पंचायत एवं ग्रा. वि.विभाग
जिला-कबीरधाम व बेमेतरा
मो. : 9893182263

कूर्मि क्षमा कश्यप
कार्यकारिणी सदस्य
(महिला प्रकोष्ठ)
छ.ग. कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

Kurmi Abhishek Kaushik
+91 - 9827163779
+91 - 9300688822

DAKSH CAR ACCESSORIES
A car Accessories Shop
✓ Teflon Cotting
✓ Seat Cover
✓ Body Cover
✓ Wide Range of Sun Control Film
✓ Sterieos & VCD LCD
✓ Center Locking

Shop No. 02, Behind Raja Raghuraj Stadium, Imlipara, Bilaspur (C.G.) 495001

जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ ....

कूर्मि डॉ. अविनाश कश्यप
(मेडिकल ऑफिसर)
पिता श्री कामेश्वर कश्यप
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
जन्मतिथि 25-10-1987

कूर्मि गगन कश्यप
पिता श्री गिरिश मयाराम
(अधिवक्ता)
जन्मतिथि : 2-10-2002

कूर्मि मनीष कश्यप
पिता - श्री शिवकुमार कश्यप
(उप प्रचार्य)
जवाहर नवोदय विद्यालय, कुरूद, जिला-धमतरी
जन्मतिथि 30-10-1990

कूर्मि प्रतिवेश कश्यप
पिता श्री प्रवेशचन्द्र कश्यप
(मुख्य नगरपालिका अधिकारी)
छ.ग. शासन
जन्मतिथि 25-10-2015

कूर्मि ऋषि कश्यप
(शिक्षा विभाग)
पिता स्व. श्री लेखराज कश्यप
अजीवन सदस्य
प्रेमचंद हिन्दी साहित्य समिति तखतपुर
आजीवन सदस्य
भारत स्काउट एण्ड गाईड छत्तीसगढ़
जन्मतिथि - 25-10-1967

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेलजी के जयंती पर बधाईयाँ एवं अनंत शुभकामनाएँ

कूर्मि दिलीप कौशिक
प्रदेशाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ)
छ.ग. कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच
अधिवक्ता एवं नोटरी, तह-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
मो. : 9098982513, 8463000033
वर्तमान निवास: देव नंदन नगर, फेस-1, सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
स्थायी पता : ग्राम व पोष्ट-बावली, तह.-पथरिया, (विधानसभा क्षेत्र बिल्हा)

आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय एवं डायबिटिज सेंटर

कूर्मि डॉ. एल.सी. मढ़रिया
मो. 9826190123
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के बगल, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग - 2018

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

अक्टूबर-2018

समाज द्वारा अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्नों का शंका-समाधान क्रमशः...

(2) विवाह के लिए कन्या के चयन में व्याप्त आरक्षण:-

- **ब्राह्मण** -सभी चार वर्ण की कन्यायें पंसद कर सकता हैं ।
- **क्षत्रिय** - ब्राह्मण कन्या को छोड़कर सभी तीनो वर्ण की कन्यायें पंसद कर सकता हैं ।
- **वैश्य** - वैश्य की और शूद्र की ऐसे दो वर्ण की कन्यायें पंसद कर सकता हैं ।
- **शूद्र**- शूद्र वर्ण की ही कन्यायें विवाह के लिए पंसद कर सकता हैं । यानी शूद्र ही वर्ण से बाहर अन्य वर्ण की कन्या से विवाह नही कर सकता । (अध्याय:3:श्लोक:13)

(3) अतिथि विषयक में व्याप्त आरक्षण:-

- **ब्राह्मण** के घर केवल ब्राह्मण ही अतिथि गिना जाता हैं, (और वर्ण का व्यक्ति नहीं)
- **क्षत्रिय** के घर ब्राह्मण और क्षत्रिय ही ऐसे दो ही अतिथि गिने जाते है ।
- **वैश्य** के घर ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य तीनो द्विजअतिथि हो सकते हैं ।
- **शूद्र** के घर केवल शूद्र ही अतिथि कहलाएगा - (अध्याय:3:श्लोक:110)

(4) पके हुए अन्न का स्वरुप में व्याप्त आरक्षण:-

- **ब्राह्मण** के घर का अन्न अमृतमय ।
- **क्षत्रिय** के घर का अन्न पेय (दुग्ध) रुप ।
- **वैश्य** के घर का अन्न जो है वह अन्न रुप में ।

-शूद्र के घर का अन्न रक्त स्वरुप हैं यानी वह खाने योग्य ही नहीं हैं। (अध्याय:4:श्लोक:14)

(5) शव को कौन से द्वार से ले जाए में आरक्षण ? :-

- **ब्राह्मण** के शव को नगर के पूर्व द्वार से ले जाए ।
- **क्षत्रिय** के शव को नगर के उतर द्वार से ले जाए ।
- **वैश्य** के शव को पश्चिम द्वार से ले जाए ।
- **शूद्र** के शव को दक्षिण द्वार से ले जाए । (अध्याय:5:श्लोक:92)

(स) वर्तमान में प्रत्यक्ष रूप से व्याप्त आरक्षण :-

देश में आजादी के 70 साल के पश्चात भी आरक्षण की स्थिति निम्नानुसार है:-

वर्ग	जनसंख्या	राजनीति	नौकरी	व्यापार	शिक्षा	जमीन	पण्डिताई
ब्राह्मण	3.5	41	62	10	50	5	100
क्षत्रिय	5.5	15	12	26	16	80	0
वैश्य	6.0	10.5	13	60	12	9	0
कुल हिस्सेदारी	**15**	**66.5**	**87**	**96**	**78**	**94**	**100**
अन्य पिछड़ा वर्ग	52	8	7	8	12.5	5	0
अनुसूचित जाति	16	15	4	1	6	5	0
अनु.जन जाति	7.5	7.5	1	2	2	5	0
अल्पसंख्यक	10.5	3	1	2	1.5	1	0
कुल हिस्सेदारी	**85**	**33.5**	**12**	**4**	**22**	**6**	**0**

स्रोत : Do PT भारत सरकार का रिपोर्ट, राज्यसभा व लोकसभा के प्रस्तुत अभिभाषण तथा समय-समय पर प्रकाशित संबंधित दस्तावेज का विश्लेषणात्मक अध्ययन ।

शंका : 26.क्या आरक्षण की सीमा अधिकतम 50 प्रतिशत ही हो सकता है?

समाधान : नही,यह एक मार्गदर्शी है कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। वास्तव में यह निर्णय पिछड़े वर्गों (अनु जाती, अनु जान जाति, एवं अन्य पिछड़े वर्गों) की कुल आबादी के प्रतिशत के आधार पर लिया जाना चाहिए, यही कारण है कि कई राज्यो में आरक्षण 50 प्रतिशत से भी अधिक दिया जा रहा है ।उदाहरण -

क्र.	राज्य का नाम	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व	कुल प्रतिशत
1.	तमिलनाडू	18	1	50	69
2	कर्नाटक	18	6	49	73
3.	केरल	8	2	40	50
4.	उड़ीसा	16.25	22.5	27	65.75
5	झारखण्ड	14	32	27	73
6.	आंध्रप्रदेश	15	6	25	46
7.	छत्तीसगढ़	12	32	14	58

स्रोत : - राज्यवार प्राप्त प्रशासनीक प्रतिवेदन ।

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ राज्य में जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व काफी दयनीय है । अक्सर अवसर भोगी लोग समाज में भ्रम पैदा करके राज करने की लालसा अभी भी रखते हैं। दुर्भाग्य से 1931 के पश्चात आबादी के प्रतिशत का आंकड़ा भारत सरकार के द्वारा अधिकृत रूप से जारी नहीं किया गया है। 2011 में हुए आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण के आंकड़े(SECC 2011)जारी होने के बाद इसमें कोई प्रगति परिलक्षित हो पाएगा।

शंका : 27. अलग-अलग संगठनों के एकीकृत प्रयास से समाज विकास कैसे किया जाय ?

समाधान : सर्म्पूण विश्व में भिन्न-भिन्न संस्कृति, विचारधारा एवं कार्य प्रणाली पर चलने वाले लोगों का समावेश है। हमारा समुदाय भी इसका छोटा उदाहरण है। कूर्मि समुदाय में अलग-अलग भौगोलिक स्थिति एवं स्थानीय प्राथमिकताओं के आधार पर विभिन्न संगठन बनायें गये हैं। सभी की प्राथमिकताएं, कार्यशैली तथा विशेषताएँ अलग-अलग हो सकती हैं परंतु उद्देश्य केवल और केवल समाज का चहुंमुखी विकास ही होता है।

समाज की अधिकतर पृच्छा रहती है कि समाज एक, तो संगठन एक क्यों नहीं? यह इसका सैद्धांतिक पहलू जरूर हो सकता है, परंतु व्यावहारिक पहलू उतना ही चुनौती भरा है। जरा सोचें, एक माता-पिता की संतानें समय व आवश्यकता के आधार पर अलग-अलग व्यवस्था के अनुरूप जीवन यापन करते हैं, जो कि अलग-अलग दृष्टिगोचर होने के बाद भी परिवार एक भावना में बंधे रहते हैं और एक-दूसरे के विकास में सहयोगी होते हैं । तो क्या इसे समुदाय द्वारा एक परिवार के अंग के रूप में स्वीकृति प्राप्त नहीं होता है? इस व्यावहारिक स्थिति को समझने के बावजूद भी विभिन्न मंचों में कूर्मि-एकीककरण या विलय के लिए आदर्श रूप की परिकल्पना करते हुए भी भ्रम जैसी स्थिति को बढ़ावा क्यों देना चाहिए ?

वर्तमान परिस्थितिथियों एवं आवश्यकताओं के आधार पर कार्यरत विभिन्न संगठनों के सहयोग से समाज को कैसे चहुंमुखी विकास की दिशा में ले जाएं, आईये निम्न लिखित फ्लो चार्ट के माध्यम से इसे समझते हैं।



चित्र : जाति आधारित संगठनात्मक व्यवस्था का फ्लो चार्ट

उपरोक्त फ्लो चार्ट को हम केन्द्र और राज्य सरकार एवं आयोग तथा नगरीय निकाय के कार्य प्रणाली के परिप्रेक्षय में समझा जा सकता है । चित्र से स्पष्ट है कि अखिल भारतीय या प्रदेश स्तर के संगठन का कार्य समन्वय, संगठनात्मक विकास एवं समय-समय पर सुझावात्मक फीडबैक देते हुए स्थानीय संगठन को सुदृढ़ बना कर बेहतर समन्वय स्थापित करना है ।

सही कार्ययोजना व कार्य की प्रकृति तथा विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संगठनों / व्यक्तियों की प्रतिभा का उपयोग निम्नानुसार किया जा सकता है-

क्र.	माह	सुझावात्मक गतिविधियाँ	आयोजक संगठन का नाम
1.	जनवरी	सम्मेलन	केन्द्रीय संगठन
2.	फरवरी	सामूहिक विवाह	महिला संगठन
3.	मार्च	होली मिलन	युवा संगठन
4.	अप्रैल	क्षमता विकास प्रशिक्षण/कार्यशाला	तकनीकी संगठन
5.	मई	कृषि व व्यापार संवर्धन कार्यशाला	तकनीकी संगठन
6.	जून	कर्मचारी, व्यापारी, किसान सम्मेलन	स्थानीय उपजाति संगठन
7.	जूलाई	शैक्षणिक परामर्श व प्रशिक्षण	युवा संगठन
8.	अगस्त	स्वास्थ्य व शिविर	राज फिरका संगठन
9.	सितम्बर	अनुभव यात्रा (Exposure Visit)	क्षेत्रीय/फिरका संगठन
10.	अक्टूबर	संगठन विस्तार (पटेल जयंती माह)	केन्द्रीय संगठन
11.	नवम्बर	युवक-युवती परिचय सम्मेलन	युवा / महिला संगठन
12.	दिसम्बर	स्मारिका एवं साहित्य प्रकाशन	तकनीकी/स्थानीय संगठन

तालिका : कार्य विभाजन तालिका कलेण्डर

उपरोक्त तालिका के अनुरूप स्थानीय आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वार्षिक, त्रैवार्षिक गतिविधियों का क्रियान्वयन सक्रिय संगठन के माध्यम से समाज में वर्ष भर अनवरत जारी रहे। इससे समाज में व्याप्त रूढ़िवादी, भ्रम की स्थिति एवं सुप्तावस्था से मुक्त होते हुए निश्चित समय-सीमा में सचेतन अवस्था में समाज का चहुंमुखी विकास हो सकेगा ।

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

पं क्र.- छ.ग. राज्य/37, दिनांक 06.10.2001

पंजीकृत मुख्यालय - डॉ. कौशिक क्लीनिक, अशोक नगर, सीपत रोड, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रांतीय कार्यालय - कूर्मि छात्रावास, सीपत रोड, चांटीडीह चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

फोन : 09826165881, 09425522629, ई-मेल: kurmi.chetna01@gmail.com

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच
जियो और जीने दो
पंजीयन क्रमांक 37 छ.ग. राज्य

11 | विक्रम संवत् 2075 | शक संवत् 1940

नवम्बर - 2018

जाति की सरल संपूर्ण व्याख्या-जन्म पाने और जानने से है अर्थात अपनी जननी को, जन्मभूमि को, कुल परंपरा को श्रेष्ठ और संपूर्ण जानो।
-स्वामी वेदानंद जी

शरद / हेमन्त ऋतु

इस माह के दौरान प्रमुख कृषि कार्य

❖ खरीफ फसल की कटाई के पहले खेतों से जल निकासी पूर्णरूप से करें व निष्कासित जल को रबी फसल या सब्जी की फसल में उपयोग हेतु नालियों के माध्यम से प्रक्षेत्र जलाशय (डबरी) में संग्रहित करें। ❖ शीतकालीन मौसमी पुष्पों में निंदाई-गुड़ाई, सिंचाई एवं पोषण प्रबंधन करें। गेंदे को अल्टनेरिया, सेप्टोरिया जैसे बीमारी एवं माइट के प्रकोप से बचावें। ❖रबी दलहनी एवं तिलहनी फसलों की बुवाई इस माह में पूर्ण कर लेवें। ❖ गेहूँ के बीजों को कार्बाक्सिन+थायरम (2 ग्रा./किलो बीज) की दर से उपचारित कर बोयें। ❖धान कटाई के उपरान्त संचित नमी के उपयोग हेतु जीरो सीड ड्रिल द्वारा फसलों की बुवाई करें। ❖चना, मसूर, मटर, सरसों आदि फसलों में नींदा नियंत्रण हेतु बुवाई के 3 दिन के अंदर पेन्डीमेथालिन दवा (30 ई.सी.) 750 मि.ली. से 1 लीटर सक्रिय तत्व (दवा की मात्रा 2.5-3 लीटर प्रति हे.) की दर से छिड़काव करें। ❖ अंकुरण पश्चात संकरी पत्ती वाले खरपतवार अधिक होने पर क्युजेलोफास इथाइल नामक दवा का 40-50 मि.ली. सक्रिय तत्व (दवा की मात्रा 800 मि.ली. से 1 लीटर) प्रति हे. की दर से छिड़काव करें। ❖ इस माह में औषधीय फसल चंन्द्रसूर की बुवाई की जा सकती है। 9. भिण्डी की फसल को पीला मोजेक बीमारी से बचाने हेतु मेटासिस्टाक्स कीटनाशक का छिड़काव करें। ❖अरहर में फली भेदक कीटों के नियत्रंण हेतु प्रोफेनोफास 50 ई.सी. 1500 मि.ली. या बी.टी. 8 एल 1000 मि.ली. प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

मुहूर्त

गृह प्रवेश - 8, 9,

मूल

ता. 1 प्रातः 2.35 मि. से ता. 2 रात्रि 12 बजे तक
ता. 9 रात्रि 8.35 मि. से ता. 12 रात्रि 12.03 मि. तक
ता. 19 सायं 5.56 मि. से ता. 21 सायं 6.32 मि. तक
ता. 28 प्रातः 8.10 मि. से. ता. 30 प्रातः 5.22 मि. तक

पंचक

ता. 15 रात्रि 10.18 मि. से ता. 20 सायं 6.35 मि.तक

सोम MONDAY	**शासकीय अवकाश** 7 दीपावली 21 ईद-ए-मिलाद 23 गुरुनानक जयंती	कार्तिक कृष्ण 13 **5** धन्वन्तरि जयंती, राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धनतेरस, प्रदोष व्रत	कार्तिक शुक्ल 5 **12** लाभ पंचमी	कार्तिक शुक्ल 11 **19** रानी लक्ष्मी बाई जयंती, नामदेव जयंती देव उठनी एकादशी	मार्गशीर्ष कृष्ण 4 **26** संकष्टी चतुर्थी
मंगल TUESDAY	**ऐच्छिक अवकाश** 6 दीपावली दक्षिण भारती 8 दीपावली का दूसरा दिन 9 भाई दूज 14 भगवान सहस्त्रबाहू जंयती 19 नामदेव जयंती 24 गुरुतेग बहादूर का शहीदी दिवस	कार्तिक कृष्ण 14 **6** दीपावली दक्षिण भारती नरक चतुर्दशी	कार्तिक शुक्ल 6 **13** छठ पूजा	कार्तिक शुक्ल 12 **20** प्रदोष व्रत तुलसी विवाह	मार्गशीर्ष कृष्ण 5 **27** दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार जन्मदिन
बुध WEDNESDAY		कार्तिक कृष्ण 15 **7** गौरी-गौरा पूजा, कार्तिक अमावस्या दीपावली लक्ष्मी पूजा	कार्तिक शुक्ल 7 **14** पं. जवाहर लाल नेहरू जंयती, बाल दिवस भगवान सहस्त्रबाहू जंयती	कार्तिक शुक्ल 13 **21** वैकुंठ चतुर्दशी, विश्वेश्वर व्रत ईद-ए-मिलाद	मार्गशीर्ष कृष्ण 6 **28**
गुरु THURSDAY	कार्तिक कृष्ण 8 **1** छ.ग. राज्य स्थापना दिवस	कार्तिक शुक्ल 1 **8** द्यूत क्रीड़ा चन्द्र दर्शन, गोवर्धन पूजा	कार्तिक शुक्ल 7 **15**	कार्तिक शुक्ल 14 **22** देव दीवाली	मार्गशीर्ष कृष्ण 7 **29** कालभैरव जंयती
शुक्र FRIDAY	कार्तिक कृष्ण 9,10 **2**	कार्तिक शुक्ल 2 **9** भाई दूज	कार्तिक शुक्ल 8 **16** पत्रकारिता दिवस, वृश्चिक संक्रांति गोपाष्टमी	कार्तिक शुक्ल 15 **23** कार्तिक पूर्णिमा गुरुनानक जयंती	मार्गशीर्ष कृष्ण 8 **30**
शनि SATURDAY	कार्तिक कृष्ण 11 **3** रमा एकादशी	कार्तिक शुक्ल 3 **10**	कार्तिक शुक्ल 9 **17** आवला नवमी	मार्गशीर्ष कृष्ण 1 **24** गुरुतेग बहादूर का शहीदी दिवस	यादाश्त
रवि SUNDAY	कार्तिक कृष्ण 12 **4** गोवंश द्वादशी वैष्णव रमा एकादशी	कार्तिक शुक्ल 4 **11**	कार्तिक शुक्ल 10 **18** कंश वध	मार्गशीर्ष कृष्ण 2,3 **25**	

समस्त स्वजातिय बंधुओं को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
प्रणय चन्द्राकर
सिद्धि विनायक
क्राफ्ट ग्लास एवं यूनी एडवर्टायजिंग
श्याम प्लाजा, पंडरी, रायपुर मो. : 9826677777
पंकज चन्द्राकर
सिद्धि एडवर्टायजिंग
श्याम प्लाजा, पंडरी, रायपुर मो. : 982707777

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग - 2018

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

नवम्बर -2018

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच एक परिचय

छ.ग. कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच का गठन एवं औचित्य

90 के दशक में बिखरे पड़े समाज में सामाजिक भावना संचारित करने हेतु कुछ चिंतनशील प्रबुद्धजनों के साथ ऊर्जावन साथियों को एक मंच में लाकर सामाजिक गतिविधियाँ प्रारंभ करने के लिये चेतना मंच की परिकल्पना हुई। 18 अप्रैल 1993 को छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच अस्तित्व में आया। भावना यही थी कि एक विश्वसनीय एवं प्रभावी साझा मंच के द्वारा भारत / प्रदेश में निवासरत कूर्मियों के समग्र विकास एवं सामाजिक चेतना का संचार किया जा सके।

अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से ही कल्पित छत्तीसगढ़ प्रदेश को प्राथमिकता के तौर पर कार्य क्षेत्र बनाते हुये मुख्यालय बिलासपुर में रखकर कार्य प्रारंभ किया गया। कार्य को गति देने के लिये श्री लक्ष्मी प्रसाद चन्द्राकर को अध्यक्ष एवं श्री सिद्धेश्वर पाटनवार को महासचिव की जिम्मेदारी देते हुये एक कार्यकारिणी का गठन किया गया। किन्तु अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के संवर्धन के लिये अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय मंच का गठन भी छ.ग.कूर्मि क्षत्रिय चेतना मंच के गठन के साथ किया गया। विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुये राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन कर श्री सिद्धेश्वर पाटनवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री लक्ष्मी कुमार गहवई को महासचिव की जिम्मेदारी दी गयी। इसकी गतिविधियाँ प्रारंभिक चरण के बाद आगे नहीं बढ़ पायी।

चेतना मंच के गठन में पूज्यपाद स्वामी वेदानंद सरस्वती की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का सहारा मिला। पूज्य स्वामीजी (पूर्व नाम श्री मोहित राम पाटनवार) सन्यास के पूर्व स्वयं 60 के दशक में बिलासपुर जिला कूर्मि समाज के ऊर्जावान, कर्मठ, चिन्तनशील एवं प्रभावी महासचिव के रुप में समाज को सम्बल दिये। चेतना मंच के गठन के पश्चात अविभाजित बिलासपुर जिले में ग्रामीण अंचल तक व्यापक जनसंपर्क किया गया। चहल-पहल बढ़ी, सामाजिक चेतना पल्लवित हुई। सामाजिक एकीकरण की दिशा में मंच के गठन के बाद प्रथम ठोस महासम्मेलन 26 सितम्बर 1993 को ई.राघवेन्द्र राव सभा भवन, बिलासपुर में हुआ। पूज्य स्वामी वेदानंदजी के सानिध्य में प्रदेश के नामचीन व्यक्तियों के साथ ही समाज के राष्ट्रीय छविधारी महानुभाव इसमें सम्मिलित हुए । इस ऐतिहासिक आयोजन में माननीय चन्दूलाल चन्द्राकर, मा. वासुदेव चन्द्राकर, मा. पुरुषोत्तम कौशिक, डॉ. रामलाल कश्यप, मा. धनीराम वर्मा, मा. हरीप्रेम बघेल, मा. के.के.वर्मा, मा. रामसियासिंह, मा.रामगोपाल कश्यप, मा.बैजनाथ चन्द्राकर, मा.गोपाल प्रसाद गहवई, मा.लक्ष्मीप्रसाद चन्द्राकर, मा.एस.सी.सनत, मा.सीताराम कश्यप, मा.जंगीराम चंदेल, मा.रघुनंदन बैंस, डॉ. निर्मल नायक, मा.के.एल.गहलोत, मा.सिद्धेश्वर पाटनवार, मा. लक्ष्मी कुमार गहवई, मा.मत्तुलाल पाटनवार, मा.राजेन्द्र कश्यप, डॉ. हेमन्त कौशिक, मा.शोभाराम कौशिक, मा.जगदीश वर्मा, मा.चैतराम चन्द्रा, मा.एस.पी.पटेल, मा. बी.आर.कौशिक, मा. स्वतंत्र कुलमित्र, मा. आर.के.सिंह, मा.बिरझेराम सिंगरौल, मा.रघुवर चन्द्राकर, मा.गेंदराम पाटनवार, मा. राधेश्याम रायसागर, मा.रामसनेही कश्यप, मा.रामाधार कश्यप, मा. माधव चन्द्राकर एवं विभिन्न फिरका प्रमुखों तथा प्रदेश के सुदूर अंचल से उपस्थित समाज के लोगों के मध्य प्रस्ताव पारित किये गये एवं ''**ऐकं पराक्रमं**'' स्मारिका का प्रकाशन भी किया गया।

पारित प्रस्ताव:-

1. रोटी-बेटी संबंध को अधिकाधिक प्रोत्साहित करना।
2. सामूहिक आदर्श विवाह को प्रश्रय देने के लिये परिस्थितियाँ पैदा कर खर्चीली शादी को निरुत्साहित करना।
3. बालक-बालिका की शिक्षा पर समान रुप से जोर देना, तथा बाल विवाह बंद करना।
4. नैतिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रीय चेतना को विकसित करने की कटिबद्धता।
5. कल्याण कोष की स्थापना। इसके माध्यम से साहित्यिक, सांस्कृतिक, कलात्मक, क्रीड़ा एवं अन्य सभी क्षेत्रों में प्रतिभाओं को उभारने का प्रयास।
6. क्षेत्रिय सम्मेलनों का आयोजन इसके माध्यम से जन-जन को जागृत करने एवं चेतना विकसित करने के साथ ही क्षेत्रवार समिति गठन करना।
7. प्रजातांत्रिक अधिकारों की प्राप्ति एवं सामूहिक राजनैतिक चेतना के विकास पर बल देना।
8. पृथक छ.ग.राज्य निर्माण को समर्थन देना।
9. योग के विस्तारण में प्रभावी भूमिका बढ़ाना।

पारित प्रस्ताव को ध्यान में रखते हुये निम्नानुसार गतिविधियाँ प्रारंभ की गयी -

संगठनात्मक - छत्तीसगढ़ स्तरीय, संभाग स्तरीय एवं जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया। कार्यों को विशेष रुप से बिलासपुर संभाग में केन्द्रित कर कोरबा, जांजगीर, रायगढ़, अंबिकापुर, एवं कोरिया क्षेत्र में बैठक एवं गोष्ठियाँ तथा बिलासपुर जिला के विभिन्न विकासखंड के बड़े ग्रामों में सघन संपर्क दौरा कर नेतृत्वकारी व्यक्तियों की पहचान की गयी।

सामाजिक व आर्थिक - रायगढ़, कोरबा, जांजगीर एवं बिलासपुर क्षेत्र के लोरमी, कवर्धा, तखतपुर, मुंगेली, पथरिया एवं बिल्हा विकासखंडों में सरदार पटेल जयंती समारोह के द्वारा सामाजिक एकीकरण की दिशा में प्रयास जारी रहा। केन्द्रीय कल्याण कोष का गठन किया गया।

राजनीतिक -विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से जुड़े प्रमुख स्वजनों को एक साथ जोड़ कर राष्ट्रीय पार्टियों से समाज के लोगों को विधानसभा प्रत्याशी बनाये जाने हेतु समुचित दबाव बनाया गया। अत्यल्प सफलता मिली; किन्तु राजनीतिक दृष्टि से कुछ समझ समाज में अवश्य पैदा हुई।

अन्य -

1. पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन को समर्थन देने के साथ-साथ अनेक मंचीय आयोजनों पर चेतना मंच की ओर से प्रतिनिधित्व किया गया।
2. जन-जन तक योग की दिव्य ज्योति प्रज्वलित करने संबंधी पूज्य स्वामी वेदानंद जी के अभियान में चेतना मंच की प्रभावी भूमिका रही।
3. कला, साहित्य, संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिभाओं को उभारने की दृष्टि से युवाओं के लिये कई प्रतिस्पर्धा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी बीच पूज्य स्वामी वेदानंद जी का बिलासपुर मुख्यालय छोड़कर अन्यत्र प्रस्थित होने के फलस्वरुप उनके सानिध्य एवं प्रत्यक्ष मार्गदर्शन के बिना मंच की गतिविधियों में शिथिलता आई। सभी की व्यक्तिगत निष्क्रियता बढ़ी। सभी सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्य अवरुद्ध हुये। 1996 से 1999 तक लगभग यही स्थिति रही।

चेतना मंच की द्वितीय पारी 9 सितम्बर 2000 से - श्री सिद्धेश्वर पाटनवार, महासचिव का मुख्यालय रायगढ़ से बिलासपुर हुआ। सभी पुराने साथियों से आपस में निरंतर संपर्क बढ़ा। उत्साही पुराने-नये लोगों का एक कोर समूह 9 सितम्बर 2000 को बैठे। निष्क्रिय पड़े समिति का नवीनीकरण करते हुये एक कार्यवाहक समिति गठित की गयी। जिसमें संरक्षक, डॉ.रामलाल कश्यप एवं श्री रामगोपाल कश्यप, अध्यक्ष-श्री राधेश्याम रायसागर, महासचिव - श्री सिद्धेश्वर पाटनवार (पूर्ववत), वित्त प्रभारी - डॉ.हेमन्त कौशिक बनाये गये। इसी बैठक में एक कार्ययोजना बनाकर उक्त कार्यवाहक समिति को क्रियान्वयन का अधिकार देने के साथ ही छत्तीसगढ़ कूर्मि क्षत्रिय-चेतना मंच का संविधान बनाकर पंजीयन कराने की जिम्मेदारी भी दिया गया।

मंच की थीम आधारित स्थायी कार्य-

- **आगे बढ़ें, समाज गढ़ें**-समाज के जन-जन में चेतना जागृत करना।
- **अहम तोड़ो, फिरका जोड़ों**-छ.ग. में निवासरत सभी उपजाति एवं अन्य प्रदेश से आये कूर्मियों को एक जुट करना।
- **पढ़ना है, बढ़ना है**-बालिकाओं की शिक्षा पर समानता के साथ शिक्षित समाज का निर्माण।
- **महिला जगे, समाज बढ़े**-महिलाओं के उत्थान हेतु उनकी शक्ति का कुटीर उद्योग व आय मूलक कार्य पर उपयोग।
- **कृषि उपज बढ़ाना, उन्नत कृषक कहाना** -वैज्ञानिक पद्यति से उन्नत कृषि को बढ़ावा देना।
- **खर्चीली विवाह, परिवार तबाह** -सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित एवं खर्चीली शादी को निरुत्साहित करना।
- **वैचारिक शोध, राष्ट्रीय बोध** - नैतिक आध्यात्मिक एवं राष्ट्रीय चेतना को विकसित करने की कटिबद्धता।
- **कोष संकलन, स्वावलंबन** -सामाजिक आर्थिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विकास के लिये केन्द्रीय कल्याण कोष की स्थापना।
- **पारदर्शी काम, श्रेष्ठतम परिणाम** -सद्भावना, सहभागिता, पारदर्शिता एवं मूल्य आधारित कार्यों के द्वारा संगठन का संचालन।
- **हम सब, एक हैं** -संगठित प्रयास द्वारा प्रजातांत्रिक अधिकारों की प्राप्ति एवं राजनीतिक चेतना का विकास।

प्रमुख गतिविधियाँ उपलब्धियाँ

- **संगठनात्मक**-बिलासपुर संभाग में निवासरत 21 उपजातियों के एकीकरण के चुनौतीपूर्ण कार्य को करने हेतु प्रदेश समिति के अतिरिक्त बिलासपुर संभाग एवं जिला समिति का गठन। अब प्रदेश के सभी संभाग एवं जिला में मुख्य, महिला एवं युवा संगठन गठित है। चेतना मंच में बिलासपुर को सुदृढ़ करने के साथ-साथ रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, भिलाई, महासमुंद, कवर्धा, धमतरी, जगदलपुर, जांजगीर, कोरबा, कोरिया, सरगुजा, रायगढ़, सुरजपुर, बलरामपुर, मुंगेली जैसे कूर्मि बाहुल्य जिले में बैठक एवं गोष्ठी के माध्यम से सामाजिक एकीकरण की दिशा में जो प्रयास किये गये उसके सार्थक परिणाम परिलक्षित हुए।
- **सरदार पटेल जयंती एवं प्रतिभा सम्मान** - स्थापना काल से बिलासपुर संभाग के जिला, ब्लाक, पंचायत स्तर पर प्रति वर्ष पखवाड़े भर का निरंतर आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में पखवाड़े के अंत में वृहद आयोजन बिलासपुर मुख्यालय में सम्पन्न किया जाता है। इसमें प्रभावी रैली, फिरका प्रमुख, मुर्धन्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रतिभावान विद्यार्थियों, विभिन्न विधा के विभूतियों का सम्मान किया जाता है।
- **निर्धन प्रतिभावान विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग** - समाज के उदार दानदाताओं के सहयोग से लगातार यह कार्य जारी है। समाज के निर्धन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अध्ययन हेतु डॉ. प्रदीप सिंगरौल एवं जगदीश कौशिक परिवार द्वारा लगातार पांच वर्षों तक आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इसके अलावा समय-समय पर प्रबुद्ध समाज सेवियों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया ।
- **सामूहिक विवाह** - चेतना मंच द्वारा सभी उपजातियों को शामिल करते हुये 26 मई 2002 को दहेज मुक्त सामूहिक विवाह का प्रथम आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग फिरकों के 11 जोड़े प्रणय सूत्र में आबद्ध हुये। इस आयोजन को प्रदेश में सर्व कूर्मि का प्रथम **सामूहिक विवाह** होने का गौरव प्राप्त है। छ.ग. प्रदेश के तत्कालीन गृहमंत्री माननीय नंदकुमार पटेल एवं राजस्व मंत्री माननीय भूपेश बघेल का इस आयोजन में सम्बल प्राप्त हुआ। इसके बाद 4 मई 2003 को विभिन्न फिरकों के 9 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय अजीत जोगी ने भी उपस्थित होकर वर वधु को शुभकामनाएं दी। इसमें श्री रामाधार कश्यप, राज्य सभा सासंद का भी विशेष योगदान रहा।
- **युवक-युवती एवं परिवार परिचय सम्मेलन**- चेतना मंच द्वारा 2001 से ''स्मारिका चेतना'' का प्रकाशन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 2008 तक बिलासपुर में किया जाता रहा है। 21 दिसम्बर 2008 को चेतना मंच एवं युवा कूर्मि मित्र मण्डल, भिलाई नगर के संयुक्त तत्वावधान में कूर्मि संझा का आयोजन बिलासपुर में किया गया । तत्पश्चात 2008 से युवा कूर्मि मित्र मंडल भिलाई के द्वारा स्मारिका एवं परिचय सम्मेलन को ग्राह्य कर विस्तार दिया गया।
- **सामाजिक सर्वेक्षण** - प्रदेश में निवासरत विभिन्न उपजातियों के सहयोग से जनसंख्या का आंकलन करना, आवश्यक हुआ । तत्संबंध में घर-घर दस्तक के माध्यम से अपनापन का भाव

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

पं क्र.- छ.ग. राज्य/37, दिनांक 06.10.2001

पंजीकृत मुख्यालय - डॉ. कौशिक क्लीनिक, अशोक नगर, सीपत रोड, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रांतीय कार्यालय - कूर्मि छात्रावास, सीपत रोड, चांटीडीह चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

फोन : 09826165881, 09425522629, ई-मेल: kurmi.chetna01@gmail.com

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच — जियो और जीने दो — पंजीयन क्रमांक 37 छ.ग. राज्य

12 विक्रम संवत् 2075 शक संवत् 1940

दिसम्बर - 2018

हेमंत ऋतु

हमें स्वयं ही सुदृढ़ होना है और यह ताकत परस्पर विरोध से नहीं मिलेगी बल्कि उद्देश्यों व लक्ष्यों की एकता और समवेत प्रयास से ही इसका निर्माण होगा। -सरदार पटेल

इस माह के दौरान प्रमुख कृषि कार्य

❖ शीतकालीन मौसमी पुष्पों में सिंचाई एवं उर्वरक प्रबंधन करें। ❖ मिर्च के चूर्ड़ा-मूर्डा रोग की रोकथाम के लिए मिथाइल डेमेटान कीटनाशी (1 मि.ली./ली.पानी) का छिड़काव 10-15 दिन के अन्तराल पर करें। ❖ आम में एन्थ्रेनक्नोस रोग आने पर साफ-सुपर (2 ग्रा./ली. पानी) का दो बार छिड़काव 10-12 दिन के अन्तराल पर करें। ❖ आलू में विषाणुजनित रोगों की रोकथाम हेतु मिथाइल डेमेटान (1 मि.ली./ली.पानी) का छिड़काव करें। ❖ मिर्च, अदरक, गाजर, मटर, पालक, रखिया आदि से बने परिक्षित पदार्थो को सुरक्षित करें। ❖ रबी फसल व सब्जी की फसलों में प्रथम सिंचाई प्रक्षेत्र जलाशय (डबरी) में उपलब्ध पानी से करें। ❖ गेहूँ की विलम्ब/देरी से बुवाई की दशा में बीज की मात्रा अनुशंसित मात्रा से 20-25 किलो प्रति हेक्टे.की दर से बढ़ा देवें। ❖ मटर में भभूतिया रोग आने पर घुलनशील गंधक/केराथेन/कार्बेन्डाजिम के दो छिड़काव करना चाहिए। ❖ मटर में गेरूआ रोग लगने पर जिनेब/ट्राइडेमार्फ/आक्सीकार्बाक्सिन फफूंद नाशी का दो बार छिड़काव करना चाहिए। ❖ उड़द व मूंग की फसल को यलो मोजेक रोग से बचाने हेतु मेटासिस्टाक्स या मेथिल डेमॉटान कीटनाशी का छिड़काव करें।

मुहूर्त

विवाह मुहूर्त - 8, 10, 11, 15
गृह प्रवेश - 17, 28

मूल
ता. 7 प्रातः 4.36 मि. से ता. 9 प्रातः 8.08 मि. तक
ता. 17 प्रातः 3.09 मि. से ता. 19 प्रातः 4.39 मि. तक
ता. 25 सायं 3.56 मि. से ता. 27 प्रातः 11.42 मि. तक

पंचक
ता. 13 प्रातः 6.12 मि. से ता. 18 प्रातः 4.18 मि. तक

सोम MONDAY	पौष कृष्ण 10 **31**	मार्गशीर्ष कृष्ण 11 **3** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती — उत्पन्ना एकादशी	मार्गशीर्ष शुक्ल 3 **10** मानव अधिकार दिवस — शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस	मार्गशीर्ष शुक्ल 9 **17**	पौष कृष्ण 2 **24** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस
मंगल TUESDAY	शासकीय अवकाश: 18 गुरु घासीदास जयंती, 25 क्रिसमस दिवस ऐच्छिक अवकाश: 10 शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस, 22 दत्तात्रेय जयंती, 28 सैय्यदना साहब का जन्म दिवस	मार्गशीर्ष कृष्ण 12 **4** जल सेना दिवस — प्रदोष व्रत	मार्गशीर्ष शुक्ल 4 **11**	मार्गशीर्ष शुक्ल 10 **18** गीता जयंती — गुरु घासीदास जयंती	पौष कृष्ण 3 **25** संकटी चतुर्थी — क्रिसमस दिवस
बुध WEDNESDAY		मार्गशीर्ष कृष्ण 13 **5**	मार्गशीर्ष शुक्ल 5 **12** विवाह पंचमी	मार्गशीर्ष शुक्ल 11,12 **19** मोक्षदा एकादशी	पौष कृष्ण 4 **26**
गुरु THURSDAY	याददाश्त	मार्गशीर्ष कृष्ण 14 **6** दर्स अमावस्या	मार्गशीर्ष शुक्ल 6 **13** चम्पा षष्ठी	मार्गशीर्ष शुक्ल 13 **20** प्रदोष व्रत	पौष कृष्ण 5,6 **27**
शुक्र FRIDAY		मार्गशीर्ष कृष्ण 15 **7** झण्डा दिवस — अमावस्या	मार्गशीर्ष शुक्ल 7 **14** ऊर्जा बचत दिवस	मार्गशीर्ष शुक्ल 14 **21**	पौष कृष्ण 7 **28** सैय्यदना साहब का जन्म दिवस
शनि SATURDAY	मार्गशीर्ष कृष्ण 9 **1**	मार्गशीर्ष शुक्ल 1 **8** चन्द्रदर्शन	मार्गशीर्ष शुक्ल 8 **15**	मार्गशीर्ष शुक्ल 15 पूर्णिमा **22** दत्तात्रेय जयंती	पौष कृष्ण 8 **29** अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा स्थापना दिवस
रवि SUNDAY	मार्गशीर्ष कृष्ण 10 **2**	मार्गशीर्ष शुक्ल 2 **9**	मार्गशीर्ष शुक्ल 9 **16** धनु संक्रांति	पौष कृष्ण 1 **23** राष्ट्रीय किसान दिवस	पौष कृष्ण 9 **30**

सामाजिक बंधु कृपया अपना कुछ पल समाजोत्थान में अर्पित करें। इस आग्रह के साथ ....

कूर्मि माधवनाथ चन्द्राकर
जिलाध्यक्ष - बिलासपुर, छ.ग. कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच
मो : 9827115969

समस्त स्वजातिय बंधुओं को नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएँ...

दयाश्री क्लिनिक

कूर्मि डॉ. हेमंत कश्यप
D.H.M.S. रायपुर
पूर्व केन्द्रीय युवाध्यक्ष
कन्नौजिया कू. क्ष. समाज, जांजगीर

डॉ. श्रीमती शशि कश्यप
D.H.M.S. भोपाल,
स्त्री एवं शिशु रोग चिकित्सक
EX मेडिकल ऑफिसर R.H.M.C. रायपुर

विशेष - स्त्री रोग, शिशु रोग, बार-बार गर्भपात होना, गर्भवती महिलाओं की जाँच, आसान प्रसव की दवा, पथरी, मस्से, गठान (ट्युमर, सिस्ट, छाइब्राइट बिना ऑपरेशन), लकवा, गठिया, वात, सायटिका, हड्डी बढ़ना, कद बढ़ाना, ब्लड प्रेशर, याददास्त, सफेद दाग, गुप्त रोग एवं अन्य सामान्य बिमारियों का सफल ईलाज किया जाता है। प्रतिरोधक औषधियाँ-माता, लू, स्वाइन फ्लू।

जयतारा चौक, मेन रोड, पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) मो. 9993774514

समस्त स्वजातिय बंधुओं को नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएँ...

कूर्मि सुरेश कौशिक
पूर्व प्रदेशाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ)
छ.ग. कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच
बिलासपुर (छ.ग.)
मो. : 9589033432

कूर्मि डॉ. वीणा कौशिक
आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी
संभागीय संयुक्त सचिव,
बिलासपुर (महिला प्रकोष्ठ)
छ.ग. कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच
बिलासपुर
मो. : 9981502421

समस्त स्वजातिय बंधुओं को सादर नमन...

कूर्मि व्यासनारायण कश्यप
पूर्व प्रदेश कार्य. सदस्य
छ.ग.कू.क्ष.चे.मंच
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा

कूर्मि सूरजव्यास कश्यप
पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष
जिला-जांजगीर-चांपा
भाजपा जिला महिला मोर्चा
विशेष कार्यसमिति सदस्य

खुले शौच मुक्त
ग्राम पंचायत
पुरस्कार से पुरस्कृत

कूर्मि सुकदेव सिंगरौल
सरपंच
ग्राम पंचायत चितावर
विकास खण्ड-तखतपुर, जिला-बिलासपुर
मो. नं. 8889846887

कूर्मि देवी राम वर्मा
प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक
अम्बागढ़ चौकी, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. : 9425523192
निवास : मातृ बसेरा तालाब के पास,
शांति नगर भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

छ.ग.कूर्मि चेतना मंच के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर
डॉ. निर्मल नायक को हार्दिक शुभकामनाएँ

पी. एल. कूर्मि
पूर्व प्रदेश सचिव, छ.ग. कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच
मो. : 9754365616

आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय एवं डायबिटिज सेंटर

कूर्मि डॉ. एल.सी. मढ़रिया
मो. 9826190123

आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के बगल,
नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277

कूर्मि चेतना पञ्चाङ्ग - 2018

कूर्मियों की दिशा एवं दशा तथा भविष्य निर्धारण के लिए एक मात्र पञ्चाङ्ग

दिसम्बर - 2018

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच एक परिचय क्रमशः .....

पैदा करने हेतु विशेष कर अविभाजित बिलासपुर संभाग में निवासरत स्वजातीय लोंगों का सर्वेक्षण भी कराया गया। इसमें महिलाओं की भूमिका विशेष रुप से उल्लेखनीय रही है।

- **फिरका जोड़ों अभियान** - फिरका प्रमुखों के साथ बैठक, गोष्ठी एवं अनेक आयोजनों के द्वारा सामाजिक एकीकरण का कार्य लगातार जारी है। काफी लंबे प्रयास के बाद सभी फिरका प्रमुखों को एक मंच में लाकर 6 नवम्बर 2005 को उन्हें सम्मानित किया गया। फिरकों के अस्तित्व को मिटाए बिना कूर्मि-महाशक्ति का स्वरुप विकसित करना ध्येय रहा।
- **कला संस्कृति संवर्धन** - वाद-विवाद, निबंध लेखन, संस्कृति ज्ञान, सामान्य ज्ञान, गायन नृत्य आदि का आयोजन युवा प्रकोष्ठ के माध्यम से संपादित किये जाते हैं। वहीं हरेली मिलन, तीजा, पोला मिलन, छेर-छेरा मिलन आदि कार्य महिला प्रकोष्ठ के माध्यम से करते हुये इन त्यौहारों को जीवंत रखने का प्रयास किया जा रहा है। चेतना मंच के लिखित अनुरोध पर हरेली त्यौहार को 2001 में माननीय मुख्यमंत्री अजित जोगी के निर्देश पर राजपत्रित अवकाश घोषित किया गया था।
- **स्वजातीय जनप्रतिनिधियों का सम्मान**- सामाजिक एकता से राजनीतिक चेतना का बोध समाज में जगाने हेतु प्रत्येक निर्वाचन पश्चात् नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह पूर्वक किया जाता है।
- **स्वजातीय प्रेरणा दायक व्यक्तित्व सम्मान**- समाज के मूर्धन्य, दानशील तथा अपने विशिष्टतम कार्य से प्रेरणा देने वाले विभूतियों का सम्मान व स्मरण कर अन्यों को उस दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन करना
- **फिरका प्रमुखों का सम्मान** -कूर्मियों की एकता को सुदृढ़ बनाये रखने व सामाजिक समरसता को सम्बल प्रदान करने की दृष्टि विभिन्न अवसरों में सम्मान समारोह आयोजित किये जाते हैं।
- **कूर्मि कृषक सम्मान** - वैज्ञानिक व तकनीकि कृषि को बढ़ावा देने हेतु समाज द्वारा प्रतिवर्ष पटेल जयंती के अवसर पर कूर्मि कृषि सम्मान दिया जाता है। कूर्मि कृषि रत्न (सर्वश्रेष्ठ किसान धान-गेहूं-चना-सोयाबीन तिलहन हेतु) कूर्मि कृषि भूषण सर्वश्रेष्ठ किसान (फल एवं साग सब्जी) कूर्मि कृषि श्री सर्वश्रेष्ठ (महिला किसान हेतु आरक्षित) प्रथम 2011 में चेतना मंच द्वारा कूर्मि कृषि रत्न का सम्मान श्री बलीराम सिंगरौल, कूर्मि कृषि भूषण का सम्मान श्री ईश्वर बघेल को दिया गया।
- **प्रशिक्षण** -पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के क्षमता विकास हेतु कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन कई अवसरों पर किया जाता है। इसके साथ ही कृषि, लघु व्यवसाय, कुटीर उद्योगों की जानकारी एवं कौशल विकास हेतु भी प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं। यह आय के स्त्रोत बढ़ाने में भी मददगार होता है, जो ''श्रम साधना-गरीबी भगाना'' संदेश देता है।

बुद्धिजीवियों जरा सोचें-

जिन्हें न निज गौरव तथा निज जाति का अभिमान है ।
वह नर नहीं पशु निरा और मृतक समान है।।

एकल परिवार का चलन व संयुक्त परिवार के विघटन में क्रमशः वृद्धि हो रही है। व्यक्ति सामाजिक सोच से दूर होते चला जा रहा है। सुविधा सम्पन्न एवं बुद्धिजीवियों से अपेक्षित सहयोग की बात की जाती है, तब विडम्बना देखिये कैसे-कैसे प्रश्नों का सामना करना पड़ता है:-(नीचे बाक्स में)

क्र.	ज्वलंत प्रश्न	समाधान मूलक सोच
1.	समाज आखिर है क्या ?	संस्कार, व्यक्तित्व का निर्माण एवं सम्बल परिवार समाज से ही पोषित होता है।
2.	समाज से क्यों जुड़ें ?	जिस जाति समाज में हमने जन्म पाया, जिससे हमारा अस्तित्व है उसकी रक्षा के लिये खपें व जुड़ें।
3.	समाज से हमें क्या मिलेगा ?	जाति-समाज देश की आन-बान-शान के लिये अपना सर्वस्व लगा देने वाले डॉ. खूबचंद बघेल, छत्रपति शिवाजी, लौह पुरुष सरदार पटेल आदि को सम्मान देने वाला तो समाज ही है ना ? प्रश्न तो यह है कि हमने समाज को क्या दिया ?
4.	अपनी कमाई का हिस्सा समाज को क्यों दें ?	आप समाज को दोगे, समाज आपको कई गुना अधिक लौटाता है। समाज के जरुरतमंद के उपकार हेतु कार्यशील संगठनों को पहचानें। किसी बेसहारा का भविष्य आपके लेश मात्र अंश से सुधर सकता है। वह अन्तर्मन से दुआएँ देगा और तब आपको आत्मिक संतुष्टि मिलेगी। फिर हिचक क्यों ?
5.	समाज को समय क्यों दें ?	अपने एवं परिवार की सुरक्षा के लिये। बच्चों के सुखद भविष्य के लिये। समाज को साथ देकर संरक्षित करते हुए समय देकर अपना भविष्य सुखद करें।

1. छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच के प्रांतीय पदाधिकारियों का कार्यकाल-विवरण

क्रं.	अवधि	प्रदेशाध्यक्ष	प्रदेश उपाध्यक्ष	प्रदेश महासचिव	प्रदेश कोषाध्यक्ष
1	1993-2000	कूर्मि एल.पी.चन्द्राकर	कूर्मि सर्वश्री सीताराम कश्यप, स्वतंत्र कुलमित्र	कूर्मि सिद्धेश्वर पाटनवार	कूर्मि के.एल.गहलोत
2	2001-2003	कूर्मि राधेश्याम रायसागर	कूर्मि सर्वश्री डॉ. निर्मल नायक, श्रीमती उषा चन्द्राकर	कूर्मि सिद्धेश्वर पाटनवार	कूर्मि डॉ हेमन्त कौशिक
3	2003-2005	कूर्मि राधेश्याम रायसागर	कूर्मि सर्वश्री डॉ. निर्मल नायक, श्रीमती उषा चन्द्राकर	कूर्मि सिद्धेश्वर पाटनवार	कूर्मि डॉ हेमन्त कौशिक
4	2005-2007	कूर्मि जगदीश कौशिक	कूर्मि सर्वश्री सिद्धेश्वर पाटनवार, श्रीमती सविता गवेल	कूर्मि बी.आर.कौशिक	कूर्मि राजेन्द्र चन्द्राकर
5	2008-2011	कूर्मि सिद्धेश्वर पाटनवार	कूर्मि सर्वश्री बी.आर.कौशिक, बिसुन कश्यप	कूर्मि डॉ. निर्मल नायक	कूर्मि एल.के.गहवई
6	2011-2014	कूर्मि डॉ. हेमन्त कौशिक	कूर्मि सर्वश्री बी.आर.कौशिक, राजेन्द्र चन्द्राकर	कूर्मि डॉ. निर्मल नायक	कूर्मि जनक राम वर्मा
7	2014-2017	कूर्मि बी.आर.कौशिक	कूर्मि सर्वश्री डॉ. निर्मल नायक, राजेन्द्र चन्द्राकर, श्रीमती नदंनी पाटनवार	कूर्मि जीतेन्द्र सिंगरौल	कूर्मि मोहन कश्यप
8	2017-2020	कूर्मि डॉ. निर्मल नायक	कूर्मि सर्वश्री रंजना वर्मा, डॉ. बी.पी. चंद्रा, प्रदीप कौशिक	कूर्मि डॉ.जीतेन्द्र सिंगरौल	कूर्मि सुखनंदन कौशिक

2. महिला प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच के प्रांतीय पदाधिकारियो का कार्यकाल-विवरण

क्र	अवधि	प्रदेशाध्यक्ष	प्रदेश उपाध्यक्ष	प्रदेश महासचिव	प्रदेश कोषाध्यक्ष
1	2008-2011	कूर्मि लता-ऋषि चन्द्राकर	कूर्मि सविता गवेल, कूर्मि उषा चन्द्राकर	कूर्मि रुखमणी भंवर	कूर्मि मीना पाटनवार
2	2011-2014	कूर्मि नदंनी पाटनवार	कूर्मि रुखमणी भंवर, कूर्मि सूरज व्यास कश्यप	कूर्मि सुनीता हनुमंता	कूर्मि रजनी कश्यप
3	2014-2017	कूर्मि रंजना वर्मा	कूर्मि मीता कुलमित्र, कूर्मि सूरज व्यास कश्यप, कूर्मि सुषमा नायक	कूर्मि डॉ. शारदा कश्यप	कूर्मि माहेश्वरी कौशिक
4	2017-2020	कूर्मि नंदिनी पाटनवार	कूर्मि डॉ. शारदा कश्यप, कूर्मि मीता कुलमित्र, कूर्मि गीतांजली कौशिक	कूर्मि सुषमा कश्यप	कूर्मि मधु कश्यप

3. युवा प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच के प्रांतीय पदाधिकारियों का कार्यकाल-विवरण

क्रं.	अवधि	प्रदेशाध्यक्ष	प्रदेश उपाध्यक्ष	प्रदेश महासचिव	प्रदेश कोषाध्यक्ष
1	2001-2003	कूर्मि जीतेन्द्र सिंगरौल	कूर्मि सर्वश्री राजू कौशिक, संजय कश्यप, सुश्री रेणू सिंगरौल,	कूर्मि अनिल वर्मा	कूर्मि राजेश कौशिक
2	2003-2005	कूर्मि जीतेन्द्र सिंगरौल	कूर्मि सर्वश्री राजू कौशिक, सुश्री रंजीता सिंगरौल	कूर्मि सुरेश कौशिक	कूर्मि भारती कौशिक
3	2005-2008	कूर्मि जीतेन्द्र सिंगरौल	कूर्मि श्रीमती ईश्वरी कश्यप, महेन्द्र पाटनवार	कूर्मि अमित बघेल	कूर्मि डॉ पुरुषोत्तम चन्द्राकर
4	2008-2011	कूर्मि जीतेन्द्र सिंगरौल	कूर्मि सर्वश्री थानेश्वर चन्द्रवंशी, डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर, नारायण वर्मा	कूर्मि ललित बिजौरा	कूर्मि सुरेश कौशिक
5	2011-2014	कूर्मि अमित बघेल	कूर्मि सर्वश्री थानेश्वर चन्द्रवंशी, राजू कौशिक	कूर्मि डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर	कूर्मि सुरेश कौशिक
6	2014-2017	कूर्मि सुरेश कौशिक	कूर्मि सर्वश्री कमल कश्यप, लक्ष्मी नारायण कश्यप, दिलेश्वर वर्मा	कूर्मि डॉ. कोमल सिंह डोटे	कूर्मि डॉ. निशांत कौशिक
7	2017-2020	कूर्मि दिलीप कौशिक	कूर्मि सर्वश्री डॉ. अशोक राजवाड़े, डॉ. कोमल डोटे	कूर्मि आदित्य पाटनवार	कूर्मि रोहित कौशिक

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच की प्रमुख उपलब्धियाँ

- चेतना मंच के प्रथम महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष (2008-2011) **कूर्मि श्रीमती लताऋषि चन्द्राकर**, वर्तमान में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष,अ.भा.कू.क्ष.महासभा के लगातर तीन कार्यकाल सफलता पूर्वक संपादित कर रही है ।
- चेतना मंच के कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक (2005-2008) **कूर्मि ललित बघेल**, वर्तमान में राष्ट्रीय संगठन सचिव, अ.भा.कू.क्ष.महासभा के पद पर समाज एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं ।
- चेतना मंच के युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष (2003 -20011) **कूर्मि जीतेन्द्र सिंगरौल**, वर्तमान में प्रदेश महासिचव छ.ग.कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच, अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि-भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में जापान भ्रमण (2011), चीन भ्रमण (2012), राष्ट्रीय उपलब्धियाँ-इंदिरागांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार भारत शासन (2000-01), राष्ट्रीय युवा पुरस्कार(2007-08),राष्ट्रीय ग्रामीण प्रतिभाग खोज विजेता, म.प्र. शासन (1992-96)।
- चेतना मंच के युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष (2011-2014) **कूर्मि अमित बघेल**, वर्तमान में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख जिम्मेदारी निभाते हुए छत्तीसगढ़ के अस्मिता एवं स्वाभिमान की रक्षा कर रहे हैं ।
- चेतना मंच के पूर्व जिला अध्यक्ष महासमुन्द(2008-2011)**कूर्मि श्रीमती तारा चन्द्राकर**,वर्तमान में प्रदेशाध्यक्ष (म. प्रकोष्ठ), छ.ग.प्रदेश कूर्मि-क्षत्रिय समाज के रूप में महिलाओं में चेतना जागृति हेतु कार्य कर रही है ।
- चेतना मंच के प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक (2005 -2008) **कूर्मि बलराम चन्द्राकर,** वर्तमान में 16 वाँ कूर्मि संज्ञा के संयोजक की भूमिका निभाते हुए समाज को संगठित कर रहे हैं ।
- चेतना मंच के प्रशिक्षित कार्यकर्ता / पदाधिकारी समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न मंचों में पुरस्कृत हुए हैं और प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के कूर्मि संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन कर रहे हैं ।

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

पं क्र.- छ.ग. राज्य/37, दिनांक 06.10.2001

पंजीकृत मुख्यालय - डॉ. कौशिक क्लीनिक, अशोक नगर, सीपत रोड, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
प्रांतीय कार्यालय - कूर्मि छात्रावास, सीपत रोड, चांटीडीह चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
फोन : 09826165881, 09425522629, ई-मेल: kurmi.chetna01@gmail.com